सांझ का संदेशवाहक

आप को धन्यवाद। प्रभु आपको आशीष दे।

आप बैठ सकते है।

2 आज मेरा पुत्र ऊपर सुपर था, और उसने कहा, "पिताजी, मेरी इच्छा है हम कुछ आराधनालय को बनाने से पहले देखेंगे, यह एक ऐसा सुंदर स्थान है।" उसने इस विषय में बातें की... कहा, "मैं अब तक कभी भी सेवक से नहीं मिला हूं, परंतु यदि वह एक ऐसा भला व्यक्ति है जैसी उसकी पत्नी, निश्चय ही भला व्यक्ति है।" इसलिए हम यहां आकर आनंदित है।

3 और मैं—मैं आज रात्रि होने वाली सभा को देख रहा हूं, कि परमेश्वर अपनी आशीषे हम पर उंडेल रहा है, और हमारी सहायता कर रहा है।

4 अब हम... मैं बस भीतर आया, और मैंने भाई विलियम को सुना, मैं विश्वास करता हूं, रमादा में होने के विषय में कुछ कह रहे थे। और मैं समझता हूं इस विषय में, घोषणा हो चुकी है। अक्सर इसके पहले कि मैं वहां पहुंचू वे इसकी चिंता कर लेते है। और निश्चय ही हम एक महान समय की प्रतीक्षा इस बेदारी में कर रहे है। और यहां एक प्रकार से मेरा भाग आस पास जाना और भाइयों से मिलना और लोगों के बीच संगति करना, और प्रार्थना करना कि परमेश्वर हमें सही प्रकार की हलचल रमादा कि इस महासभा में दें। और इसलिए हम उस समय तक, यत्न कर रहे हैं कि कलीसियाओ में जाकर भेंट करें, जितना संभव हो सके। और हमारे पास एक महान समय है। निश्चय ही हमारा एक शानदार समय है, अपने भाइयों के साथ संगति में।

5 और अक्सर में... कोई भी जानता है मैं प्रचारक नहीं हूं, मैं तो एक प्रकार से बचा हुआ पहिया हूं। परंतु मैं—मैं... मेरी सेवकाई बीमारो के लिए प्रार्थना करने की है। और मैं... यात्रियों में हमारे पास बहुत भीड़ हो जाती है, और आदि–आदि, कि हमारे पास ऐसा करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होता। हम इस बात का यत्न करने जा रहे है, यदि हम... जब हम उन स्थानों में पहुंचते हैं जहां हम हो सकते है, यहां पर, कि कुछ पत्र दे और लोगों को अंदर लाकर उनके लिए प्रार्थना करें। परंतु एक समय में एक रात्रि की सीमा करें, जो आप आज रात्रि नहीं ले पायेंगे और फिर वे उन

पर दबाव डालेंगे वहां कहीं अगली रात्रि, और वहां कहीं और इस प्रकार से मैं एक प्रकार से एक छोटी–छोटी परिचर्चा रात्रि लोगों के लिए करू, और सबसे अच्छा जो कर सकता... कि यीशु मसीह का सम्मान और महिमा, और उसे जिसे हम सब प्रेम और विश्वास करते है, और हमारी संगति एक साथ।

6 मैं समझता हूं आपने कोने में दुर्घटना सुनी है, कुछ क्षणों पहले। मैं नहीं जानता कि वह व्यक्ति मारा गया था, या वह जो भी था, कार निकलती हुई आई। हम बस रुक गए, और बस प्रार्थना की, कुछ क्षणो पहले। लगभग दो खंडो के ऊपर वहां कोई एक ओर से टकराया और सीधा सड़क पर जा गिरा। और एक बड़ा व्यक्ति वहां ढाका हुआ। और वहां पुलिस वाले, मैं नहीं सोचता कि एंबुलेंस तब तक वहां पहुंची। उन्हें चाहिए... यदि वह मरा नहीं था, यह निश्चय ही था... *एक* ओर से टकराया और दूसरी ओर से बाहर दरवाजे से निकल गया, यह बहुत ही भयानक झटका होना चाहिए। आप जानते है, ये बस...

7 हमें हर मिनट परमेश्वर की सेवा करनी चाहिए। हम नहीं जानते किस समय ये चीजे घटित हो सकती है। हम सोचते हैं संभव है, यह हमारे साथ नहीं होगा, परंतु आप जानते है ये हो सकता है, आप जानते है। इसलिए, मैं विश्वास करता हूं, यीशु ने कहा, "तैयार रहो, क्योंकि हम नहीं जानते किस मिनट या घंटा कि हम बुला लिए जाए।" और तब हम उस स्थान पर जायेंगे जहां दुर्घटनाएं नहीं होगी, और परेशानिया नहीं। हम बहुत आनंदित है कि प्रतिज्ञा में इस प्रकार का स्थान है।

8 आप जानते है, कि यही विचार, आज रात्रि, ये देखने का कि हम ऐसे स्थान कि प्रतीक्षा में है, जो यह दिखाता है कि इस प्रकार का स्थान है। समझे? और हम जानते है कि सारे नकारात्मक, सारी परछाईयां, वहां कुछ होना चाहिए कि परछाई बनाएं। एक परछाई एक परावर्तन है। इसलिए यदि इस प्रकार का जीवन है, ये सिद्ध करता है कि यह एक परछाई है, तो वहां एक वास्तविक जीवन कही है यह एक परावर्तन है। समझे? आप एक पेड़ पर ध्यान करें, पेड़ कितना सुंदर है। और आप जानते है कि वो वह क्या है? ये नकारात्मक प्रतीक पेड़ की छाया है, स्वर्गीय जीवन का।

9 अब, आप जानते हैं, जब परमेश्वर पृथ्वी पर आया, जब वह पृथ्वी के आरंभ में इस पर चिंतन कर रहा था, और संभव है पहली चीज वो हुई

मेंढक का बच्चा हुआ, जैसे वैज्ञानिक कहने का यत्न करते है। अगली चीज कुछ हो सकता है... मैं सच्चे मसीही विकास क्रम में विश्वास करता हूं, परंतु मैं विश्वास नहीं करता कि यह सब एक ही अकेली कोशिका से आया है। मैं विश्वास करता हूं ये... परमेश्वर ने मेंढक के बच्चे को बनाया, और फिर उसने मछली को बनाया, और फिर उसका किसी और चीज को बनाया। और बस... फिर मैं विकास में विश्वास करता हूं, उसी एक कोशिका से नहीं, परंतु हर बार एक भिन्न जीव से।

10 और अंत में वहां करता रहा, ऊंची जाति पर आया, और कुछ समय बाद उसको परावर्तित किया जो चिंतन कर रहा था, जो कि परमेश्वर था। और, अब इसे सही सिद्ध करने के लिए, जब परमेश्वर देहधारी हुआ था, वह यीशु मसीह था, एक मनुष्य। समझे? इसलिए, एक स्वर्गदूत नहीं, एक मनुष्य। इसलिए ये यह दिखाता है कि यह उसका प्रतिबिंब हुआ।

11 और, ओह, यह पुरानी बाइबल दया की उन पुरानी सोने की डालीयो से भरी पड़ी है। मैं बस... मैं इसे खोजना पसंद करता हूं (क्या आप नही?) और बस इसमें जाए और इस पर की सारी धूल को हटाए, और इसे देखें और देखे कि यह क्या है। कैसे रत्न, यहां आप लोग एरीजोना में जानते है, बड़े रत्न पृथ्वी कि मिट्टी में से निकल कर आते है। यही है वे जहाँ से से वे आये है। और परमेश्वर के रत्न भी मिट्टी में से निकाल कर लाए गए। और वह... हम बहुत ही आनंदित है कि वह हमें सौभाग्य देता है कि उसके महान परिष्करण शाला में जाए, और सारा धातु मल निकाल दिया जाये।

12 आप जानते है वे कैसे करते थे? निसंदेह, आप एरीजोना के लोग जानते है कैसे वे... इसके पहले कि उनके पास गलाने का कुछ था, कैसे वे सोने के शुद्ध किया करते थे। हमें बताया गया कि वे सोने को लेकर पीटते। पुराने इंडियन ये किया करते थे, इसे पीटते। और इसे उलटते, और इसे पीटते और इसे पीटते, जब तक इसका सारा धातु मल बाहर नहीं कर देते। और जिस प्रकार से वे इस सब को जानते बाहर किया (सारा पाईराईट और चीजे जों इसमें, वह सब), जब वे जान गए कि कैसे, पीटने वाला अपना प्रतिबिंब इसमें देखता, वह स्वयं को देख सकता। तब वह जान जाता यह साफ हो रहा है, जब उसका अपना प्रतिबिंब उसमें दिखाई पड़ता।

13 और, आप जानते है, मैं सोचता हूं परमेश्वर अपनी कलीसिया से यह इस प्रकार चाहता है, पीटकर सारे संसार को बाहर कर जब तक यीशु

मसीह का प्रतिबिंब हम से प्रत्येक में वास करें, और हम उसके जीवन को प्रतिबिंबित करें। तब हम उसके लिए तैयार है... वह अपने आप को उस समय हम में से होकर परावर्तित करता है, जब हम... एक बोझ और पाप को एक ओर रख देते हैं, जो हमें सरलता से घेर लेते है, ताकि हम दौड़ को धैर्य के साथ दौड़े, जो हमारे सामने है, उदाहरण को देख रहे है, यीशु मसीह, जो हमारे विश्वास का लिखने वाला और पूरा करने वाला है। इसके लिए बहुत आनंदित है!

14 अब, अक्सर मैं प्रत्येक रात्रि में कहता हूं... मैंने भाई कार्ल विलियम से कहा, मैंने कहा, "भाई कार्ल, वे लोग मुझे दुबारा नहीं सुनना चाहते, उस घाटी में, ऊपर नीचे होते हुए, उन लोगों को दो या तीन घंटों तक रात्रि में रोके हुए।"

उसने कहा, "भाई, ठीक है, आइए।"

15 इसलिए मैं आपके धैर्य की सराहना करता हूं कि मुझे फिर से निमंत्रण दिया। और अब प्रत्येक रात्रि...

16 थोड़े समय पहले मैंने अपनी पत्नी से बातें की, वहां... वह अब ट्यूसान में है, और मैंने कहा, "मौसम कैसा है? "

17 उसने कहा, "गर्मी हो रही है।" और उसने कहा, "क्या आप कार्यक्रम के अनुसार है? "

मैंने कहा, "बिल्कुल ठीक, हर रात्रि लगभग 10 या 11।"

18 मैंने उससे कहा, "मैं कुछ विश्राम करने जा रहा हूं जब मैं एरीजोना जाऊंगा, इस बार इस छोटी सभा में। मैं उन कलीसियाओ में जा रहा हूं, उन भाइयों के पास। मैं उन लोगों को दंड देने नहीं जा रहा हूं, मैं तो बस जा रहा हूं और मैं जा रहा हूं कि गीत गाए जाए, जयंती। मैं अपने को सिमित करने जा रहा हूं, अपनी टिप्पणियों को लगभग 15, 20 मिनटों में, कहे 'आमीन' और घर जाए।"

उसने कहा, "क्या आप समय सारणी पर है? "

19 मैंने कहा, "हां प्रिय, मैं; निर्धारित समय पर हूं, तीन घंटों तक।" बहुत अच्छे लोग है; बहुत धैर्य है।

20 अच्छा, आइए अपने सिर को झुकाये, जरा एक क्षण, जैसा कि हम उस तक पहुंच करते है। अब, मैं निश्चित हूं इस प्रकार के लोगों की शानदार

सभा में जो विश्वास करते है, और विशेषकर... मैं यहां दो चारपाइयां पडी देखता हूं, लोग जो बीमार है, और आवश्यकता में है, मैं जानता उनके विशेष निवेदन है। कोई संदेह नहीं, परंतु जो वहां और दूसरे है जिनके ये निवेदन है। यदि ऐसा है, बस अपने हाथों को उठाएं और जैसा कि आप अपने हाथों को उठाते है यह मालूम हो जाए। और अब प्रार्थना में, मैं जा रहा हूं और इन लोगों के लिए प्रार्थना करूंगा जो इन चारपाईयो पर है जबकि—जबकि हम यहां पर है, इसलिए हम निश्चित है कि इसे ले। यदि कुछ घटित होता है... वे इतने निष्ठावान थे कि यहां पर लाए गए, मैं चाहता हूं आप सब मेरे साथ प्रार्थना करें।

21 हमारे स्वर्गीय पिता, हम हर दूसरे विचार को एक ओर रख रहे हैं, हमारे मस्तिक्षको को शुद्ध कर दें, और हम आपकी उपस्थिति में आ रहे है कि अपने प्राणों को शुद्ध करें। और हम अपने सामने प्रभु यीशु का लहू लाते है। हम यह स्वीकार कर रहे हैं कि हम योग्य नहीं है किसी भी आशीष के लिए जो आप हमें देंगे, परंतु क्योंकि वह मरा ताकि हम ये आशीष प्राप्त करें, और हमें बताया कि सिहासन के सामने हियाव से आए, कि हमारी पहुंच इन आशिषो तक हो प्रभु यीशु के अनुग्रह से होते हुए, जो पृथ्वी पर आया, इम्मेनुएल, और पापों का स्थान लिया। वह *हम* हो गया, ओह, ताकि हम *वह* हो जाए।

22 क्या ही अदल बदल है, प्रभु! एक पाप मरा, नरकीय जीवन जो हमारा था, और ये जानकर कि एक आया और उस जीवन को अपने ऊपर ले लिया, और हमारे पापों को अपने जीवन के बहाये लहू से धो डाला। जो हमारे ह्रदय सोच भी सके ये उस से कहीं अधिक है, प्रभु। और तब, इस सब के अलावा, उसने एक मार्ग बनाया कि हमारे अपराधों को ले जाए और उसके कोडो से चंगे हो जाए। हम बहुत ही धन्यवादित है कि उसने प्रतिज्ञा दी है कि वह हमें भली प्रकार से रखेगा, जबकि हमने उसकी सेवा की है।

23 और अब आज रात्रि, पिता, वहां बहुत सारे निवेदन है जो... अपने उठे हुए हाथों के साथ। हम जानते हैं कि तू इनमें से प्रत्येक पर का सम्मान करेगा, जानते हुए कि उनके हाथ के नीचे क्या है, ह्रदय में।

24 और प्रभु से मांगा कि, आज रात्रि आप वचन को स्मरण करेंगे जैसा कि हम इसे पढ़ते हैं; और इस पर मनन करते है, एक छोटे पाठ के समान, एक सन्डे स्कूल के सामान, कि हम आज रात्रि छोड़ सके और—और

और यह हमारे ह्रदयो में था कि हम इस प्रकार अनुभव करें कि हम आपके अधिक समीप, बाहर जाते, समय होगे बजाये कि जब हम अंदर आए थे। इसलिए हम यहां पर है, कि यह राष्ट्र में बेदारी ला सके, ना जानते हुए कि यह कब आरंभ हो सकती है, परन्तु इसी आशा के साथ आगे देख रहे है, प्रभु। हम हर मानव यत्न को रख रहे हैं, जो हम जानते है कि कैसे बेदारी को लाये जो पुरुष और स्त्री, लड़के और लड़कियां के बचने का ज्ञान, जो मसीह का है।

25 हम इस कलीसिया के लिए आपको धन्यवाद देना चाहते है, इसके भले पास्टर के लिए और उसके परिवार के लिए, सारे डिकन, ट्रस्टी, सारे जो इसका प्रतिनिधित्व करते है। हम उनके लिए धन्यवाद करते हैं, जो साहस के साथ बराबर खड़े है। और, प्रभु, हम प्रार्थना करते हैं कि परमेश्वर की आशीष इन पर ठहरे। हर प्रयास को आशीषित करें। होने पाए यह रुके, प्रभु, जहां सारी घाटी यहां भीतर आ सके और विश्राम पाए। पिता इसे, ग्रहण करें। होने पाए पास्टर की प्रार्थनाएं बीमारों के लिए उत्तर में आये। होने पाये उसकी प्रार्थनाएं उद्धार के लिए सुनी जाए, क्योंकि सारे जो अंदर जाते है सुसमाचार के पंक्ति में। होने पाए आपकी आशीषे उस पर आए होने पाए। कलीसिया में आत्मिक वरदान कि कमी ना हो, और आदर्श कलीसिया के समान स्थापित हो, सारे समुदाय में। प्रभु, इसे प्रदान करें।

26 अब, पिता, आज रात्रि चारपाईयो पर लेटे हैं, जो बैठ नहीं सकते कि सभा का आनंद ले, ये जिनके पास यह सौभाग्य नहीं है। और वे किसी प्रकार से यहां पर आज रात्रि जमा है। ओह परमेश्वर, दया करें। मैं सोचता हूं, "क्या होता यदि वह मेरी पत्नी होती, या मेरा भाई या कोई जो रिश्तेदार था, जिसे मैं अच्छी प्रकार से जानता हूं? " ये किसी के, और पिता, मैं प्रार्थना करता हूं, कि परमेश्वर का अनुग्रह, उसकी सामर्थ के साथ, दिव्य छुटकारे के नीचे उतरे, उनके लिए आज रात्रि और इन्हें इन चारपाइयों से छुटकारा दिलाए। होने पाये ये इन चारपाइयों में और अधिक समय ना रुके, आज रात्रि इस सभा से। होने पाये, जब वे जाए चारपाईया पीछे छोड़ जाए। होने पाये वह सामर्थ, जिसने यीशु को मरे हुओ में से जीवित किया, इनकी देहो को नये स्वास्थ्य में उठाए और फिर से सामर्थ में। हमारे पिता, इसे प्रदान करें। अब, हम जानते हैं कि आपने इसे करने की प्रतिज्ञा दी है।

27 इसलिए, वचनों में यह लिखा है, "उनके यह चिन्ह होंगे वे जो विश्वास करेंगे। यदि वे अपने हाथ बीमार पर रख दे, वे चंगे हो जायेंगे।"

28 अब, पिता, इनकी पहुंच में वहां कोई ना होने पाए, जबकि दूसरे एक दूसरे तक पहुंच सकते हैं, मैं इस आज्ञा की स्मरणत्सव में चलूंगा। और, परमेश्वर, मैं उनसे यह आशा करने जा रहा हूं, कि उन से एक पत्री लू, कि यह हो गया था, क्योंकि मैं यीशु मसीह के नाम में जाता हूं।

29 [भाई ब्रन्हम नीचे जाकर जो चारपाईयो में पड़े थे उनके लिए प्रार्थना करते हैं जबकि सभा *केवल विश्वास* चार बार गाती है, तब वह वापस आकर और गाते है—सम्पा।]... ? ...

> प्रभु, मैं विश्वास करता हूं, ओह प्रभु, मैं विश्वास करता हूं,
> सारी बातें संभव है, प्रभु, मैं विश्वास करता हूं;
> प्रभु, मैं विश्वास करता हूं, प्रभु, मैं विश्वास करता हूं,
> सारी बाते सम्भव है, प्रभु, मैं विश्वास करता हूं।

उन दोनों महिलाओं में मांस बढ़ गया है, एक पर कैंसर है।

30 और मैं अभी जल्द ही छोटी गवाही दे सकता हूं, यदि मुझे अपनी वार्तालाप थोड़ी छोटी करनी पड़े। घर छोड़ने से पहले, अन्तिम मामला जो घर छोड़ने से पहले था, वह विचित्र मामला था, एक महिला थी और उसका नाम डायर है; वह थी, अब मैं उसका नाम भूल गया। यह डॉक्टर डायर था, लुईसविल से बाहर का। एक जेम्स, डॉक्टर जेम्स डायर, मांस बढ़ने का विशेषज्ञ, और आदि आदि, लुईसविल में।

31 उसकी पुत्री ने कलीसिया में प्यानो बजाया ओपन डोर में, जिसका पास्टर डॉक्टर कोबल थे; एक (ओह) लंबा चौड़ा पुराना यहूदी अराधनालय। और वह व्यक्ति स्वयं चर्च ऑफ क्राइस्ट का था, नामधारी चर्च ऑफ क्राइस्ट, और सुसमाचार के विश्वास में मत परिवर्तक फुल गोस्पल, एक बहुत ही भला मनुष्य। और मेरी सभा में भी बजाया था जब मैं लुईसविल में था, मेमोरियल सभागार में। और जो वहां घटित हुआ उसे देख कर अचंभित थी, और इस समय में अपने पिता को बताने की कोशिश की।

32 उसने कहा, "यह बस मनोविज्ञान है। वे लोग वैसे ही बीमार है, जैसे पहले कभी थे।" और इसलिए—इसलिए वह इसका विश्वास नहीं करेगा।

33 अन्त में वह कलीसिया से अलग हो गई, उसने एक बैपटिस्ट सैमनरी के लड़के से विवाह कर लिया, और अंत में वहां अपने विश्वास से अलग हो गया। वह प्रशिक्षण पाया हुआ सेवक था, और एक बैपटिस्ट के समान उसने इसी प्रकार किया। और इसलिये वे... अंत में हट गए, और प्रचार करना नहीं चाहता था। और वे अपने लोगों में रॉकफोर्ड, इलिनोयस में चले गए।

34 अन्त में उसे, जीन को, कोई स्त्री रोग आरंभ हो गया। जांच के लिए वह अपने पिता के पास चली गई, वह वापस लुईसविल जांच के लिए वापस आयी। और, जब उन्होंने किया, उन्होंने पाया जो कि "चॉकलेट फोड़ा," कहलाता है यह स्त्री ग्रंथि में था। उसे हटाये मैं, उसके पिता, उस बड़े ऑपरेशन के साथ, और उसने उसके अंदर फोड़े को बिखेर दिया। और अंत में... और उन्होंने उसे कुछ गहरे एक्स-रे दिए और—और इलाज।

35 और इसलिए तब जब वे... जब वह घर वापस गई, और उसको निरंतर परेशानी होने लगी।

36 लगभग एक वर्ष बाद वे उसे दूसरी जांच के लिए वापस लाए, और उन्होंने उसका पूरा गर्भाशय निकाल दिया। और जब यह कर रहे थे, पिता, डॉक्टर टूयूम के साथ थे, जो कि दक्षिण का एक विशेष डॉक्टर था, आपरेशन किया, और यह इतना बढ़ गया था कि, कैंसर ने पहले ही मलदर को घेर लिया। इसलिए उन्होंने उसे कुछ समय के लिए वही छोड़ दिया। तब उसमें एक्स-रे का इलाज फिर से किया, और उन्होंने पाया कि इससे कोई लाभ नहीं हो रहा है, इसलिए वे उसे वापस अस्पताल ले गए... वे उसे और अधिक जुलाब नहीं दे सके कि उसके पेट को खाली करें, इसलिए उन्होंने एनिमा लगा कर उसके पेट को साफ करने का यत्न किया। और उन्होंने पाया कि पानी उसके पेट में और नहीं जाएगा।

37 इसलिए तब उसका पति, जो मेरे आलोचकों में से एक था। इसलिए अंत में वह वहां पर आया और एक पुस्तक उठा कर उसे पढ़ने लगा। (और मेरा पुत्र यहां है और भाई सोथमन, वह एक ट्रस्टी है, वह यहीं कहीं पर है।) और वह आराधनालय कि सीढ़ी पर लेट गया, क्यों, एक—दो दिन से, जब तक... मैं—मैं सभाओं में बाहर था। वापस आया मैं—मैं उसे देखने गया। और उसने मुझे बताया, कहा, "अब, उसे मालूम नहीं

है कि उसे कैंसर है।” कहा, “बस जा कर उससे बात करें उसके साथ प्रार्थना करें।”

38 और इसलिये जब मैंने उसे देखा, उसने कहा, “भाई ब्रन्हम,” उसने कहा, “मेरा पति दिव्य चंगाई को स्वीकार करने जा रहा है,” कहता है, “क्योंकि मैं उससे मिल नहीं सका इस पुस्तको पर से हो कर, अब वह पृष्ठ के पृष्ठ पढता है हर दिन मेरे लिए, किताबों में से एक।”

39 और मैंने कहा, “जीन, मैं यह समझता हूं।” और मैंने कहा, “जीन, अब, हम बात करें देखें कि प्रभु क्या कहेगा।” कमरे में कोई नहीं था, नर्स स्वयं चली गई थी। और इसलिए हमने थोड़ी देर बातचीत की, और थोड़ी देर बाद एक दर्शन आया। मैं... वह लगभग चालीस वर्ष कि थी, अभी बाल सफेद नहीं हुए थे, परंतु वह बहुत बड़ी और सफेदी। मैंने कहा, “जीन, अब, तुम सभाओ में रही हो।”

“हां, भाई ब्रन्हम।”

40 मैंने कहा, “उन्होंने तुमसे छिपा रखा, और मुझे बताया कि यह ना कहूं, परंतु तुम्हें कैंसर है।” और मैंने कहा, “तुम्हारे पिता और... या तुम्हारे पति ने कहा, ‘इस विषय में कुछ नहीं कहना।’ परंतु तुम्हे कैंसर है, जीन। परन्तु, अब, मैं तुम्हें बताना चाहता हूं, क्योंकि तुम सभाओ में रही हो। एक दर्शन कभी भी असफल नहीं हुआ। अब जिन, मैं तुम्हें बताने जा रहा हूं, यह यहोवा यों कहता है! समझे? ” समझे?

41 अब, इस विषय तुम निश्चित होना चाहती हो, देखिये, कि... कि यह प्रभु है। ना कि विचार; आप यह *देखें*। समझे?

और तब मैंने कहा, “तुम जीवित रहने वाली हो। वे... वह... ”

42 वह बोली, “भाई ब्रन्हम, मैं इस विषय में मैं सारे समय संदेहजनक थी।” और उसने कहा, “मेरे पिता डॉक्टर होने के नाते मैं ऐसे घर में पली बढ़ी हूं।” कहा, “मैं—मैं—मैं संदेहजनक थी।” कहा, “मैंने सोचा इस समय के चलते, कि यह क्या चीज थी।” हमने प्रार्थना की।

43 अगले दिन, उसके दूसरे दिन के बाद, वे उसे उसकी आंत कटवाने के लिए ले जा रहे थे। ये, आप जानते हैं, वे आंत काटते है और एक थैला एक ओर लगा देते हैं और तब मरीज बस... जब तक वह नहीं मर जाता, अन्त में कैंसर उन्हें मार डालता है, पेट को थैले में खाली करते है। और

जब उन्होंने उसे तैयार कर लिया, और पहले ही तैयार थे और ऑपरेशन कि मेज के लिए तैयार, उसे कुछ अजीब सा अनुभव हुआ। और वे... उसने नर्स को बुलाया कि आये और शौचालय जाने के लिए सहायता मांगी। और, जब उसने किया, वह बिल्कुल पूरी रीति से आम ढंग से कर सकी। और उसका—उसका पति वह इसे मान नहीं सका। और दूसरे दिन... उन्होंने उसे नहीं लिया। दूसरे दिन, सामन्यतः, तुरंत नाश्ते के बाद, दूसरा पूरी रीति से सामान्य। इसलिए वह...

44 उसके डॉक्टर ने बुलाया। सिसकियो और रोने के बीच, उसने कहा, "मैं बस समझ नहीं सकता, हम तो उसका यहां तक कि एक लक्षण भी ना पा सके, बिल्कुल नहीं। यह चला गया।"

45 अब, अब, मेरी मूल्यवान बहनों, मसीह का एक दास होने के समान मेरे यहां खड़े होने का कोई कारण नहीं है और मैं कुछ गलत कहूं, क्योंकि उस दिन मेरा भी न्याय होना है, और एक ढोंगी के समान निकाला जाऊं।

46 अब, परमेश्वर के इस खुले वचन के साथ, मैंने जीन के लिए और प्रार्थना नहीं की और इस इमानदारी से अधिक नहीं, जो मैंने आपके लिए किया, देखिये। और बढ़ कर उस छोटे स्थान पर गए, ये जानते हुए कि विश्वास की प्रार्थना कर दी गई है। यह तय हो गया ये वहां पर है। परमेश्वर के वचन ने ऐसा कहा है, देखिए, "विश्वास की प्रार्थना रोगी को बचा लेगी।"

47 अब, वही परमेश्वर जिसने डॉक्टर डायरस की पुत्री को चंगा किया, जो कि जीन है... मैं नहीं जानता कि अब उसका क्या नाम है। परंतु उस व्यक्ति ने निश्चय ही पूर्ण सुसमाचार को गले लगा लिया। कलीसिया में अन्तिम उपदेश, वह ठीक यहां बैठे हुए सारा का सारा अंदर स्वीकार कर रहा है, हमारे साथ प्रभु भोज ले रहा है, और सारी चीजें, एक बैपटिस्ट विद्यार्थी प्रभु के पास पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के लिए आया। अब, ये यह दर्शाने जा रहा है कि परमेश्वर परमेश्वर ही बना रहता है।

48 और डॉक्टर, उसका पिता, प्रेमी मनुष्य, परन्तु उसने इस प्रकार की चीज कभी घटित होती हुई नहीं देखी थी।

49 अब, परमेश्वर के पास सारी चीजों के लिए समय है। और विश्वास करने से, आप दोनों विश्वासी है। इसलिए कभी–कभी यह बातें भलाई के लिए घटित होती है। आप जानते है, कि बाइबल ने कहा, "वे मिल कर भलाई के लिए कार्य करते है।"

50 अब, अय्यूब को याद करें, उसकी सारी परीक्षायें? अब, यह परमेश्वर की ताडना अय्यूब को नहीं थी, परंतु यह परमेश्वर अपने दास को अनुमोदन करता है। इसलिए यह सब भलाई के लिए कार्य करता है, आप देखिये। और तब अय्यूब की पुस्तक सारी पीढ़ियों के लिए लिखी गई, एक गवाही के लिए। अब, परमेश्वर यह भलाई के लिए कार्य कर रहा है।

51 बस स्मरण रखें, मैंने अपने पूरे ह्रदय के साथ प्रार्थना की है, विश्वास की प्रार्थना। आप यह विश्वास करते है, और वहां यह होगा, यही मामला होगा, बस—बस परिणामों के लिए प्रतीक्षा करें।

52 अब, सीधे संदेश में जाने के लिए, (बहुत से खड़े हैं), सांझ के लिए एक छोटा संदेश।

53 और—और अब जरा स्मरण रखें, कि वहां रमादा में, वहां कुछ अच्छे वक्ता रमादा बेदारी में बुलाये जा रहे हैं इस बार, वे व्यापारी लोग, इसलिये आप... वहां रामादा में। इसलिए आप निश्चय ही सभा में होने का यत्न करें इस सभा में। भाई ओरल रॉबर्ट वहां होने जा रहे हैं, उस रात्रि के भोज पर।

54 और, अब, मैं एक प्रकार से ट्यूसान का छोटा सा भाग, मैं ट्यूसान में करने जा रहा हूं। एक हमारी वहां पर भी है, अगले सोमवार रात्रि को, इस यदि आप वहां होते है आस पास, तो आप वहां भी आये। और आप को होना होगा... मेरे साथ थोड़ा समय कष्ट उठाना होगा, क्योंकि मुझे उस वाले में बोलना है। इसलिए आप आइए, यदि आप अगले मंगलवार... अगले सोमवार रात्रि रमादा मोटल में, रमादा इन, ट्यूसान में। और, निस्संदेह, हम सब जानते हैं फिनिक्स ट्यूसान का बाहरी भाग है। हम सब यह जानते है, आप देखिए, इसलिये—इसलिये और देखिये कि पहाड़ी लोग कैसे जीते है।

55 अब आईये हम अपनी बाइबलो में, जकर्याह 14 निकालें, छठवां और सातवां अध्याय, मैं इसके लिए पढ़ना चाहता हूं... कि इससे एक छोटा संदर्भ विषय से लू जो मैं लेना चाहता हूं।

उस दिन कुछ उजियाला ना रहेगा, क्योंकि ज्योतिगण सिमट जायेंगे:

और लगातार एक ही दिन होगा जिसे यहोवा ही जानता है, ना तो दिन होगा, और ना रात होगी: परंतु सांझ के समय उजियाला होगा।

56 अब मैं इसमें से लेना चाहता हूं *सांझ का संदेशवाहक*, एक विषय के लिए; *सांझ का संदेशवाहक* । निसंदेह, हमारे पास संदेशवाहक हो सकते है, इस सारे दिन से होते हुए जिसके विषय में इसने बोला, परंतु एक सांझ का संदेश आ रहा है। और आज रात्रि हम उसे देखना चाहते हैं और इस प्रकार जैसे सन्डे स्कूल कि विधि हो, इस पर थोड़ी देर के लिए बात करते है।

57 अब, हम सब जानते हैं कि जकर्याह यहां पर क्या बोल रहा है, क्योंकि उसने यह कहा, "एक दिन आएगा जिसे प्रभु का दिन माना जाएगा, ना ही दिन, ना ही रात; परंतु सांझ को, यह उजियाला होगा।" अब, यदि हम यह जानते हैं कि यह ना तो दिन ना ही रात, यह एक प्रकार से एक—एक—एक धुंधलका दिन होगा, एक प्रकार का कोहरे का दिन।

58 और हम सब जानते है कि सभ्यता ने पूर्व से पश्चिम की ओर यात्रा की। सबसे पुरानी सभ्यता हमारी चीन की है। और सभ्यता पूर्व से पश्चिम की ओर चली, क्योंकि यह सूर्य का अनुकरण करती है, और अब हमारे पास सब कुछ पश्चिमी किनारे पर है। यदि हम कुछ भी आगे बढ़ते है तो, हम फिर से वापस पूर्व में है, देखिए। इसलिए हम मार्ग के अंत में है।

59 हम एक कलीसिया के समान विश्वास करते है कि सुसमाचार पूर्ण होने के लगभग है। हम विश्वास करते हैं कि महान संदेशवाहक युगों से होते हुए, इन अंत के दिनों में, अंतिम सैकड़ों वर्षो में, इन महान बातों के विषय में लड़े; विश्वास के द्वारा न्यायोचित, लूथर; पवित्रीकरण वैसली के द्वारा; पवित्र आत्मा का बपतिस्मा; पेंटीकोस्टल के द्वारा। हम विश्वास करते हैं कि वे मूलतत्व पूर्ण देह को बनाने जा रहे है, जैसे स्वाभाविक और आत्मिक।

60 साधारणत जब एक देह का जन्म होता है, पहली चीज क्या होती है? पहली चीज, यह जल को लाता है; अगली चीज, लहू है; और अगली चीज, जीवन है।

61 पहला यूहन्ना 5:7 ने कहा, "वहां तीन है जो स्वर्ग में गवाही देते है, पिता, वह वचन, और पवित्र आत्मा: और ये तीनों एक है।" *वे* एक है; बिना

पुत्र के आप पिता को नहीं पा सकते, बिना पवित्र आत्मा के आप पुत्र को नहीं पा सकते। देखिए, ये एक है। "परंतु पृथ्वी पर तीन है, जो गवाही देते है, जल, वह लहू, और वह आत्मा: और ये एक मे सहमत है।" ये एक नहीं है, परंतु ये एक में *सहमत* है। समझे?

62 अब, आप बिना पवित्र हुए आप न्यायोचित ठहर सकते हैं; आप बिना पवित्र आत्मा के पवित्र हो सकते है। समझे? पवित्र आत्मा भीतरी उपस्थित आवास मसीह की सामर्थ का आत्मा में है। अब, हम स्वाभाविक प्रतीक को देखते है जो आत्मिक है, इसलिए कलीसिया अपनी पूर्व परिपक्वता में है, अब न्यायोचित, पवित्रीकारण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा। हम सात कलीसियायी कालों में होकर निकले है, घर पर, यह सुंदरता का प्रतीक।

63 और, कभी किसी ने, सयोंग वंश टेपो को सुना हो कलीसियायी युगों पर? अंतिम समय में मैंने युगो का वहां श्यामपट पर चित्रण किया था, और स्वर्गीय पिता यह जानता है कि यह सत्य है, जब मैंने उस प्रेरणा में जो परमेश्वर से मिली अपने सब से अच्छे से जो कर सकता था, पूरा किया, जो परमेश्वर मुझे देगा, कि प्रभु का स्वर्ग दूत जिसे आप चित्र में देखते (बहुतो ने चित्र देखा है, क्या नहीं, वह ज्योति?), वह सीधी कमरे में आयी, लगभग तीन या चार सौ लोगों के बीच, दीवार के एक ओर चली गई (इस प्रकार की ज्योति) और अपने से ही कलिसियायी युगो का चित्र बनाया। हम सब वहां खड़े हुए ये देख रहे थे, इसे देखा, पहली कलिसियायी युग का चित्र खींचा, दूसरी, तीसरी और चौथी पांचवी, छठवी और सातवीं।

64 अब, कुछ लोग जो यहां बैठे हुए हैं, वे इसके गवाह है। यदि ऐसा है, तो आप अपने हाथ उठाये। बाईबल ने कहा, "दो या तीन गवाहों के मुख से।"

65 हर कोई वहां बैठा हुआ, चिल्ला और सब कुछ कर रहा है, मैंने कहा, "वहां! अब, आपने इसे देखना चाहा, हर कोई उसे सीधा–सीधा देख सकता है।" दिन के ग्यारह बजे, वह वहां दीवार पर खड़ा है, और उन कलीसियायी कालों को चित्रित किया, बस किस में अधिक आत्मा था, और तब अंधकार यह दिखाने के लिए कि आत्मा को अवरुध किया गया और अंधकार युगों से निकल गया और फिर से वापस आया, उसी प्रकार से जो मैंने चित्रित किया था। और हमारे पास इसके चित्र है, और चीज चित्रित की गई, दीवार पर लटकी है। और वहां वह ठीक वैसा ही है। मेरे

पास प्रभु का वह आत्मा होना चाहिए, जो संतुष्ट था कि वह पूरा था, क्योंकि वह वापस आया और इसे प्रमाणित किया कि वहां ठीक था।

66 और हम लौदिकिया कलीसियायी काल में रह रहे है, धनी कलीसिया काल कि वे सोचते हैं, उन्हें किस वस्तु की घटी नहीं है, और नहीं जानते कि वे नंगे है, बेचारे, अंधे; और यह नहीं जानते, देखिए। अब, ये सारे, प्रतीक।

67 अब, वही सूरज जो चमकता है... पूर्व में उदय होता है, वही सूर्य पच्छिम में अस्त होता है। अब, हम जरा एक मिनट सन्देश की भूमिका के लिए रूके। हम जानते है, कि सूर्य, वह s–u–n सूर्य परिवार। परंतु परमेश्वर का सन परमेश्वर की चमक में नीचे उतरकर आया, और परमेश्वर का s–o–n परमेश्वर की चमक में नीचे उतर कर आया और परमेश्वर कि ज्योति में, पूर्व में। और अब हमारे पास दो हजार वर्ष थे, प्रभु के द्वारा विचारे गए, उसने कहा, "ऐसा समय होगा वहां ना तो दिन ना ही रात होगी, एक धुंधलका सा दिन होगा; परन्तु सांझ के समय उजियाला होगा।"

68 अब, यदि आप ध्यान दें, कि पवित्र आत्मा पूर्व के लोगों पर पहले उतरा। तब हमारे पास समय था कि कलीसिया के सदस्य बने, और छोटी बातों के सिरो को समेटे और छोटे–छोटे कारणों पर लड़े। परन्तु तब सांझ के समय में पश्चिमी गोलार्ध में, ये उजियाला होगा। और अब हम उस समय में है, सभ्यता एक बड़ी दरार के समान पूर्व से आती है, सारे पापों को सारे समय समाप्ति हुई जैसा कि यह आती है, और यह पश्चिमी किनारे पर ध्वनि के धमाके के समान, और वह पीछे गिर पड़ी, और सबसे भ्रष्ट स्थान जो मैं जानता हूं, पश्चिमी किनारा है। कोई भी चीज जो आप सोचना चाहते है, उनके पास, पाप है, भ्रष्टाचार, तलाक, विवाह, हॉलीवुड, ठीक नरक का छेद! यह बिल्कुल ठीक बात है।

69 मैं बाईबल कि वास्तविक पवित्रताई में विश्वास करता हूं। और मैं इस मिलावट और सड़ाहट की चीजों का विश्वास नहीं करता, जो हमारे लोगों के सामने एक उदाहरण रखते हैं, हॉलीवुड कहलाते है। और मैं सदा से इसके विरोध में रहा हूं। और मैं सोचता हूं, वह पुरुष जिसमें परमेश्वर का आत्मा उसमें है इसके विरोध में होगा, क्योंकि परमेश्वर का आत्मा गवाही देता है, उसके लिए "यह गलत है।"

70 अब मैं सोचता हूं कि यह एक है... हम पेरिस जाया करते थे कि नंगी मॉडलों को लाए कि अपनी स्त्रियों को नंगा करें, अब पेरिस यहां आता है

कि हमारी वालों को ले। समझे? हॉलीवुड संसार की अगुवाई कर रहा है। और नंगे चलन जो आज हमारे पास है, फ़्रांस से आगे है (जरा इस पर सोचे!), वे पियक्कड़, झगड़ालू, आचरणहिन स्थान, और फिर भी हॉलीवुड कुल मिलाकर पराजित करता है।

71 और हमारे सारे टेलीविजन, और सारी चीजें उस पर बिना किसी रोक–टोक के है, बस गंदे चुटकुले, और सड़ी मिलावट, हर चीज में चली गई। और लोग, और शैतान... हमें हमारे बालकों को सिनेमा नहीं जाने देते थे, वर्षों पहले, हम पहले के पेंटीकोस्टल, परंतु अब शैतान घुस आया, और सीधे इसे घर में रख दिया हमारे ऊपर। आप समझे? इस प्रकार वह सिनेमा को हमारे घर के अंदर ले आया।

72 अब, और ये—ये ऐसी एक—एक भयानक बात है, यह—यह सोचते हुए कि संसार इस भ्रष्टाचार में चला गया, क्योंकि यह सारा कुली कबाड़, आप देखिए, और इस प्रकार से तैरा, सभ्यता के साथ आ रहा है।

73 परंतु सारे समय... मैं इन्ही किन्ही दिनों में प्रचार करने जा रहा हूं, प्रभु ने चाहा, कुछ ही दिनों में, *उल्टी गिनती* पर। आप मैं—मैं जानता हूं आपने चक्कर मारा, और इस प्रकार से हम—हम बस देखते है वहां क्या घटित हो रहा है। परमेश्वर अपनी कलीसिया के साथ कुछ करने योग्य भी रहा है, सारे समय, आप देखिए, जबकि ये चीजें घटित हो रही है। और अब हम अंत के समय में है, प्रभु का धन्यवाद हो!

74 प्रत्येक युग का एक सन्देश और संदेश वाहक रहा है। परमेश्वर ने इसे देखा। प्रत्येक... यहां तक कि कलीसिया युगों में, हम पाते है कि प्रत्येक के पास एक संदेश वाहक था, और प्रत्येक युग में जीवित रहा; और दूसरा वाला भीतर, आया, और वह वाला चला गया, और दूसरा वाला भीतर आया; और सातवें कलीसिया युग तक आए; प्रत्येक सितारा, कलीसिया का प्रत्येक दूत, प्रत्येक संदेशवाहक।

75 और हम अंतिम कलीसिया युग में पाते हैं, यहां प्रकाशितवाक्य 10 में, वहां एक तुरही की आवाज है, और वहां सात आवाजे बोलती हैं... उनकी लिखने की आज्ञा नहीं दी गई। परंतु यह पुस्तक के पीछे मोहर बंद हो गई, सात मोहरे पुस्तक के पीछे की ओर थी। पुस्तक के लिखे जाने के पश्चात, यह वहां पीछे सात मोहरों से मोहर बंद कर दी गई। अब, कोई नहीं जानता

कि वे क्या है। परंतु ये कहां गया, “सातवे दूत के दिनों में, उसके संदेश प्रचार करने के समय,” ये *पृथ्वी* का दूत है, अब।

76 क्योंकि *यह* स्वर्गदूत स्वर्ग से नीचे उतरा; और *यह* पृथ्वी पर था; *दूत* “एक संदेशवाहक,” उस युग का संदेश वाहक।

77 और तब हम ध्यान देते है कि वह अपना रखता है... उसके सिर मेघधनुष था और अपना हाथ उठाया और अपनी शपथ खाकर, जो सदा तक जीवित है, कि समय और ना होगा (जब ये सात आवाजे बोली, सात गर्जनो ने अपनी आवाजे निकाली) और उसने उन्हें बताया, “मत लिखो, परंतु इसे मोहर बंद कर दो।” और हम पाते हैं कि यह पुस्तक के पीछे थी।

78 “परंतु जब सातवें दूत ने अपना संदेश पूरा कर दिया, अपनी भविष्यवाणी के दिनों को, तब परमेश्वर का गुप्त मनोरथ समाप्त हो जाना चाहिये,” हर कोई जानता है कि बाइबल यह कहती है। “परमेश्वर का भेद, परमेश्वर क्या है, परमेश्वर कौन है, और सब इस विषय में, बप्तिस्मा और चीजों में जो, कि तय हो जानी चाहिए उस दिन में।”

79 प्रत्येक संदेश वाहक का अपना एक संदेश था, और वह—वह संदेश और उस युग का संदेश वाहक। और यह बहुत ही ध्यान देने योग्य है कि प्रत्येक संदेश वाहक... हम उन्हें कलीसिया कालों में भी पाते है (और आज रात्रि हम वापस पुराने नियम में जायेंगे और पाते हैं कि यह वही चीज है) जो परमेश्वर ने उस युग के संदेशवाहक समय के अंत में भेजे; सदा अंत में; आरंभ में कभी नहीं। अंत में!

80 अब, जैसे लूथर का युग धूमिल हुआ, तब वैसली आया। और जब वैसली का पवित्रकरण धूमिल हुआ, पेंटीकोस्टल युग भीतर आया। समझे? यह सदा संदेश वाहक नया संदेश पुराने के अंत में खोलता है। यह प्रत्येक युग जो समाप्त हुआ। हम यह जानते है कि यह सत्य है।

81 बाईबल में होते हुए हर बार यह दोहराया गया। हम इस पवित्र वचनों में पाते हैं, इस सारे में होते हुए, कि पुराने युग की समाप्ति पर और नया वाला आ रहा है, वह युग धूमिल हो गया और नया युग आता है, परमेश्वर संदेशवाहक भेजता है।

82 और जैसा कि सदा—सदा, हर बार संदेश वाहक के आने पर यह सदा वचन पर वापसी की पुकार होती है, कभी असफल नहीं हुआ। स्मरण रहे, यह यीशु मसीह का पूर्ण प्रकाशन है, इसमें कुछ भी मिलाया नहीं जा सकता

या इसमें से निकाला। यह यीशु मसीह का पूरा प्रकाशन है। और केवल एक ही विधि है, जो हम कभी निश्चित हो सकते हैं: यदि कोई चीज हमारे बीच में उठती है, जो इस प्रकाशन के विरोध में है, तो यह गलत है। समझे? यह "वचन पर वापस जाओ!" और सदा वापस बुला रहा है।

83 और वचन में हर मामले में, हर मामले में, परमेश्वर ने भविष्यवक्ता का प्रयोग किया कि उस युग को वापस बुलाए। बनाया... नहीं, एक बार भी नहीं चुका, उसने सदा एक—एक भविष्यवक्ता को भेजा! और अब वह यह क्यों करता है? क्योंकि यह बाईबल कहती है, "यह भविष्यवक्ता है जिसके पास परमेश्वर का वचन आता है," वचन को प्रगट करने वाला।

84 अब, मैं—मैं—मैं आशा करता हूं कि मुझे गलत नहीं समझा गया। समझे? मेरा अर्थ यह नहीं है कि गलत समझा जाये, परन्तु मेरा अर्थ ईमानदार रहने और बुलाहट के प्रति विश्वसनीय रहने का है। हम यही होना चाहते है।

85 अब, परमेश्वर सदा एक—एक भविष्यवक्ता का प्रयोग करता है, एक मनुष्य। मनुष्य का झुंड आपके पास विभिन्न विचार है; देखिए, प्रत्येक मनुष्य, दो मनुष्य। उसके पास पृथ्वी पर दो प्रधान भविष्यवक्ता एक समय में नहीं रहे। वह एक को लेता है, ताकि दूसरा वाला उसका स्थान ले, दूसरे दिन के लिए, दूसरा संदेश। उसके पास कभी भी दो नहीं रहे, उसके पास एक समय में एक।

86 और अनंत परमेश्वर कभी भी अपनी योजना नहीं बदलता, उसे सदा वैसा ही स्थिर रहना चाहिए, जैसा उसने आरंभ किया है। यही कारण है कि हम उसमें अपना विश्वास रखते है, उसमें जो वह कहता है, वह बदल नहीं सकता। यदि वह एक मनुष्य को उसके विश्वास पर जो परमेश्वर पर है उसके आधार पर उसे बचाता है, तो अगला मनुष्य उसी आधार पर बचाया जा, येगा।

87 जब परमेश्वर ने एक स्थान बनाया, जहां वह अपनी सृष्टि के साथ संगति कर सकता है, आदम ने स्वयं अपना मार्ग बनाने का यत्न किया, और अजिंर के पत्तो से अपने, और अपनी पत्नी के लिए वस्त्र बनाएं। परमेश्वर ने यह अस्वीकार कर दिया। और परमेश्वर ने निर्णय लिया किस योजना पर या किस आधार पर वह मनुष्य से मिलेगा और उसके साथ संगति करेगा, और वह बहाया हुआ लहू। और उसने इसे कभी नहीं बदला।

88 अब, एक जैसे मैंथोड़ीस्ट से बैप्टिस्ट, हम एक दूसरे से हाथ मिला सकते है। परंतु मैथोडिस्ट और बैपटिस्ट के बीच के आधार हमारे बीच कोई चीज सामान्य नहीं है, मैं बैपटिस्टो के लिए जोर लगा रहा हूं और आप मैथोडिस्ट के लिए जोर लगा रहे है, या इसका उल्टा। परंतु वहां एक आधार है, जहां पर सारे विश्वासी मिल सकते हैं, वह बहाये हुए लहू के नीचे। यही जहां हम मिलते है और सारी चीजें एक और कर देते है। इसलिये हम सब एक संस्था के अधीन नहीं आ सकते, हम यह नहीं कर सकते।

89 ये छोटी संस्थाये, मैं सोचता हूं कुल मिलाकर परमेश्वर इनमें रहा। परंतु लोग... क्योंकि हम भिन्न है। हर व्यक्ति अलग देखता है, प्रत्येक व्यक्ति अलग देखता है, दो मष्तिक बिल्कुल ठीक एक से नहीं होते। कोई दो लोग एक से नहीं होते, वे दावा करते हैं; कोई नाक नहीं, कोई दो अंगूठे की छापे। देखिए, हम लोग भिन्न बने है, कि इस तरह से हमारे भिन्न झुंड होने चाहिए।

90 परंतु परमेश्वर सदा व्यक्तिगत के साथ कार्य करता है। वह आपको इसलिए नहीं बचाता क्योंकि आप मैथोडिस्ट है; वह आपको इसलिये नहीं बचाता कि आप बैपटिस्ट है; वह आपको इसलिये नहीं बचाता क्योंकि आप पेंटीकोस्टल है। वह आपको इसलिये बचाता है क्योंकि उसने *आप* से व्यक्तिगत व्यवहार किया है! और आप उसी आधार पर बचे है, कि आपने इसे स्वीकार किया है। इसलिए परमेश्वर आपके साथ व्यवहार कर सका। वह आपके साथ उसकी कलीसिया के अनुक्रम के साथ व्यवहार नहीं करता, वह आपसे एक व्यक्तिगत के समान व्यवहार करता ह।

91 इसलिए जब परमेश्वर ने अपने भविष्यवक्ता भेजे, नियम के उसके संदेशवाहक, उसने एक व्यक्ति से बात की, और उस व्यक्ति को संदेश लाना था। दूसरे उससे अलग होकर, हर कही चले गए, उसी सन्देश को लाये। परन्तु वहां एक मुख्यालय होना था। परमेश्वर के पास यह सदा रहा है। मैं धन्यवादित हूं आज रात्रि यह उसके पास है; ये पवित्र आत्मा है, निसंदेह, हम सब जानते है। अब, कोई झुंड नहीं, परंतु पवित्र आत्मा परमेश्वर का मुख्यालय है। ये इस घड़ी का परमेश्वर का संदेश वाहक।

92 अब, यह भविष्यवक्ता है, जिसके पास सदा वचन आता है, यदि वे वचन के सच्चे भविष्यवक्ता है, परमेश्वर अपना वचन उस भविष्यवक्ता के द्वारा प्रमाणित करता है।

93 अब, बहुत से झूठे भविष्यवक्ता हुए हैं, ये लोग सारे युगों में होते हुए हमारे पास है। हम पुराने नियम में वापस जाते है, उन्हें उठते हुए देखते है, और प्रभु के नाम में बोलते है, और यह—यह सही नहीं था। परमेश्वर को इससे कुछ मतलब नहीं। वह सिवाये अपने वचन को छोड़ कभी भी कुछ और प्रमाणित नहीं करता। जो भी है, वह अपना काम इस प्रकार से नहीं चलाएगा। समझे?

94 आप बस स्मरण रखें, परमेश्वर केवल अपना वचन प्रमाणित करता है! और केवल एक सच्चा भविष्यवक्ता है... और केवल एक ही विधि है कि आप बता सकते हैं कि वह सच्चा है या नहीं, वह वचन के द्वारा। उसे जांचने की यही विधि है।

95 अब यदि आप ध्यान दें, उन दिनों के समान जब—जब मिकायाह, वहां चार सौ इब्रानी भविष्यवक्ता, आहाब और यहोशोपत के सामने, और कहा, "यहोवा यों. कहता है, 'जाओ और सफल हो।'" सैद्धन्तिक रूप में वे सही थे। तब मिकायाह को दृश्य पर बुलाया गया, वह जिससे सब घृणा करते थे। अब, यह ऐसा प्रतीत होता है यदि... चार सौर (मैं—मैं मेरा अर्थ बाल के नबी नहीं) इब्रानी भविष्यवक्ता एक मत के साथ खड़े हुए, और बोले, "रामोत—गिलाद पर चढ़ायी कर, प्रभु तुझे आशीषित करेगा और तू सफल होगा।" और वे पुरुष ढोंगी नहीं थे, वे पूरी रीति से प्रेरणा में थे! परंतु उनका...

96 तो फिर क्यों यह छोटा जन मिकायाह नाम का क्यों आएगा, जो यिम्ला का पुत्र या वापस आया, और उनके विपरीत भविष्यवाणी की? अब, ये साहस किया, ये दृढ़ विश्वास को लेता है। समझे? अब, मिकायाह, ठीक वचन पर था, क्योंकि एलियाह, वह महान भविष्यवक्ता जिसके पास प्रभु का वचन था, उसने आहाब और इजाबेल को श्रापित किया और सब। समझे? और कैसे परमेश्वर पलट कर और जो श्रापित था, उसे आशीषित करें? देखिए, इसलिए यह काम नहीं कर सकता।

97 अब, हम पाते हैं कि परमेश्वर अपना वचन प्रमाणित करता है। भविष्यवक्ता का वचन, यदि वह भविष्यवक्ता है, तब ये... वह वचन के अनुसार बोल रहा है। एक स्थान में बाइबल ने कहा, कहा, "यदि वे व्यवस्था और भविष्यवक्ताओ के अनुसार ना बोले, तो फिर उनमें उजियाला नहीं।"

तब पुकारे... तब यह सन्देशवाहक बुलाये हुओं को बाहर बुलाता है। वह परमेश्वर के वचन के द्वारा सही है, सिद्ध करता है कि वह सही है।

ध्यान दें, ध्यान दें, अब हम कुछ चरित्रों को लेंगे और सुनेंगे बाद के पहले अन्त समय में।

98 नूह परमेश्वर का गवाह था। अब, देखिए उसका संदेश कितना विरोधात्मक था, उस बाद के पहले के संसार में। क्यों, वह मनुष्य एक पागल मनुष्य माना गया। क्यों, उसका... परंतु, फिर भी, उसके पास प्रभु का सही वचन था। अब, परमेश्वर बोला था कि वह "पाप को सहन नहीं कर सका," इसलिए वह... जब लोगों ने पाप करना आरंभ कर दिया, तब परमेश्वर नीचे उतर आया और नूह ने अंत समय का संदेश प्रचार किया। यह कब था? अंत समय के थोड़ा पहले, यह संदेशवाहक उठा। परमेश्वर ने यह भविष्यवक्ता भेजा, अन्त समय के लिए संदेश के साथ। और उस पर हसां गया, उपहास, उड़ाया गया, और मजे लिए गए। यह सही है। उस पर कोई विश्वास नहीं करेगा। परंतु उसके पास अंत समय का संदेश था। अब, वे सब जिन्होंने विश्वास नहीं किया दोषी ठहरे थे, और वह जिसने संदेश का विश्वास किया बच गया था। परमेश्वर ने उन्हें जीवन दिया और वे बच गए थे, और जिसने विश्वास नहीं किया, वह नष्ट हो गया।

99 अब, मैं कुछ प्रतीकात्मक कर रहा हूं। ध्यान दे, परमेश्वर कैसे उसने यह तीन बार किया।

100 और तीन परमेश्वर का सिद्ध अंक है। परमेश्वर तीन में सिद्ध है, जैसे "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," और "न्यायोचित, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा।" वह सिद्ध हुआ क्योंकि *तीन* उसकी "सिद्धता।" है *पांच* "अनुग्रह" का अंक है। सात... "आराधना" का अंक है। *बारह, चालीस* "सताव का" अंक है। और *पचास* "जुबली" है आराधना "पेंटीकोस्ट" का अर्थ *पचास* और, चालिस दिनों मूसा की परीक्षा हुई, चालीस दिनों मसीह की परीक्षा हुई, आप देखिए। और यह सारे प्रतीक। अब, परमेश्वर तीन में सिद्ध है।

101 वहां तीन विनाश है। उनमे से एक, जब नूह नाव में गया; दूसरी बार, लूत सादोम से *बाहर* निकला। ध्यान दें, यीशु ने उनका उल्लेख किया है, "जैसा नूह के दिनों में था और लूत के दिनों में था, वैसा ही यह मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" ध्यान दे! एक भीतर गया, दूसरा वाला

बाहर आया और अगला वाला *ऊपर* जाता है। ऊह हूं। समझे? ऊह हूं। *भीतर* जाता है *बाहर* आता, *ऊपर* जाता! अब, यह प्रभु का अनुक्रम है। देखिए, यीशु ने उन्हें दो भविष्यवक्ताओ का उल्लेख दिया। “जैसा नूह के दिनों में था,” देखिए, “और जैसा यह लूत के दिनों में था,” अब्राहम एक भविष्यवक्ता जैसा, “ये था, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आगमन पर होगा।” देखिए, पीछे का उल्लेख दे रहा है उन्हें।

102 अब, मूसा, दूसरा भविष्यवक्ता, मिस्री युग के अंत में। हम पाते हैं जब परमेश्वर अपने लोगों को छुड़ाने जा रहा था, और मिस्त्रियों ने उनको बुरी रीती से सताया, और उन पर काम लेने वाले ठहराये, उन पर सख्ती चलाने वाले बल्की। तब उनके नष्ट होने से पहले, परमेश्वर जैसे सदा, वह भविष्यवक्ता को प्रभु के वचन के साथ भेजता है। स्मरण रखे, भविष्यवक्ता उसी के साथ प्रमाणित हो रहा है, जो परमेश्वर ने (सैकड़ों वर्षो पहले, चार सौ कुछ वर्षों पहले इसके) अब्राहम से प्रतिज्ञा की थी, कि उसका वंश एक अपरिचित देश में परदेसी रहेगा, परंतु वह उन्हें वहां से सामर्थी हाथ के द्वारा निकाल लाएगा। आप जानते है, जलती हुई झाड़ी के पास, जब मूसा ने परमेश्वर से भेंट की, और उसने उस से कहा, “मैंने अपने लोगों का चिल्लाना सुना है, मैंने उनकी दुर्दशा देखी है, और मैं अपनी वाचा स्मरण करता हूं।” अपने वचन को स्मरण कर रहा है!

103 स्मरण रहे, उसे अब भी अपना वचन याद है! समझे? वह असफल नहीं होता, उसे हर बार वैसा ही करना है। कारण कि मैं यह बातें कह रहा हूं, ताकि हम आपके विचारों में इसे वापस ले आए और सोचे। आप लोग भी जो बीमार रहे; आप ध्यान दें, मैंने कहा बीमार “रहे है।”

104 अब, ध्यान दें अब, आप सब लोगों को यह बात याद रखनी चाहिए, कि परमेश्वर बदल नहीं सकता! वह ना बदलने वाला परमेश्वर है। समय बदलते है, लोग बदलते है। परमेश्वर अनंत है, वह नहीं बदल सकाता! उसका... उसे एक सा ही रहना चाहिए, कल, आज, सर्वदा, उसे सदा एक सा रहना चाहिए। और यदि हम इसका यह विश्वास करते है कि यह परमेश्वर का वचन है, तो हम अपना विश्वास किसी भी चीज पर कर सकते हैं जो उसने कहीं। समझे?

105 अब, आप वहां देखिए, संदेश कैसे आता है, वह कैसे अपना संदेश भेजता है। वह इसे बदल नहीं सकता, उसने सदा यही किया। उसे सदा

एक सा ही बना रहना है। इसी प्रकार से वह सदा यही करेगा। अब, स्मरण रखे, कब वह यह करता है? नष्ट करने से जरा सा पहले युग के अन्त पर। यही जब वह अपना संदेश अपने लोगों को बाहर निकालने के लिए भेजता है, (वे सदा उसमें भ्रमित हो जाते है), और यहां वे आते है।

106 अब, मूसा के दिनों में, विश्वासी बचा लिए गए थे, अविश्वास नष्ट हो गए।

107 वे जिन्होंने मूसा का विश्वास किया, कि यह परमेश्वर की ओर से संदेश है, अब यह उन्होंने तब तक नहीं किया, जब तक मूसा परमेश्वर की ओर से प्रमाणित नहीं हुआ और सिद्ध किया कि परमेश्वर का वचन उसके साथ था। जिसने उसे भविष्यवक्ता बनाया। वह वहां से बाहर आया और वह बोला, "कल, लगभग इसी समय, तुम देखोगे कि *ऐसा—ऐसा* घटित हुआ।" कल, वह घटित हो गया। बस यही था। परमेश्वर का कोई भी सच्चा भविष्यवक्ता जो प्रभु के नाम से बोलता है, प्रभु उसे करेगा। "और वह घटित होगा कि *ऐसा—ऐसा* घटित होगा। मैं फिरौन के पास जा रहा हूं, परंतु वह कठोर हो जाएगा, उसके पास कठोर ह्रदय है। वह कहेगा कि वह हमें जाने दे, परन्तु वह ये नहीं करेगा।" और, यह घटित हुआ। समझे? क्यों? तब लोग जान गए ये मनुष्य परमेश्वर की ओर से भेजा गया है। और तब उन्होंने देखना आरम्भ किया कि परमेश्वर ने उसे आशीषित किया है, और उन्होंने उसका सम्मान किया, और जब उन्होंने किया, महान चीजें घटित हुई।

108 और लोग जो हंसे और मजे लिए और उसका संदेश स्वीकार नहीं करेंगे, वे बाकी अविश्वासियों के साथ नष्ट हो गये।

109 परंतु विश्वास बाहर निकले और प्रतिज्ञा के देश में चले गए, वे—वे संदेशवाहक के अभिषिक्त संदेश की अधीनता में चले गए। यह एक छुटकारे का संदेश था, जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने की थी। वह अपने लोगों को उस देश में ले आयेगा जहां दूध और शहद बहता है। और यह घटित हुआ, क्योंकि यह परमेश्वर ने पहले ही कह दिया था, और मूसा आया और उस दिन का प्रमाणित संदेशवाहक था।

अब, यह हमें सुंदर रीति से स्पष्ट हो गया।

110 ठीक है, तब हम पाते हैं कि मूसा सही प्रमाणित हुआ था।

111 और तब युग के बदलाव पर, समय आ गया... व्यवस्था और अनुग्रह के बीच का। एक समय आना ही था कि यह बताया गया, मसीहा आने वाला

था। हम पाते है कि एक समय कि लोगो ने व्यवस्था को तोड़ मरोड़ दिया, किसी एक चीज के झुंड की अधीनता में उसे बना दिया, और उसमें मनुष्य की सब प्रकार की रीतिया थी, उन्होंने उसमें घुसा दी थी। समय के बदलने में यीशु आया, दूसरा भविष्यवक्ता, परमेश्वर—भविष्यवक्ता।

अब, आप कहते है, “वह भविष्यवक्ता नहीं था।”

226 अब, अब मैं जानता हूं, मैं अनुभव करता हूं कि ये वापस आ रहा है। और, स्मरण रखें, उस छोटे से वरदान के साथ मैं आत्मा को परख सकता हूं, देखिये। अब, आप इससे बुरा मान रहे है, जब मैंने मलाकी चार कहा। परंतु मैं आपको कुछ बताऊं, आपने कहा, “यीशु ने कहा, ‘यदि तुम इसे ग्रहण कर सकते हो, यही एलिय्याह है, यह बोला जा चुका है।’”

227 परंतु यदि आप देखते है कि उसने क्या कहा संत मत्ती ग्यारहवे, अध्याय में और छठवा पद, “यदि तुम इसे ग्रहण कर सकते हो, यही है जिसके लिए कहा गया, और कहा, ‘मैं अपने सन्देशवाहक को अपने आगे–आगे भेजता हूं।’” यह मलाकी तीन, ना कि मलाकी चार।

228 क्योंकि, मलाकी चार में, उसने कहा, “इसके पहले कि वह दिन आये पृथ्वी जल जायेगी; और लोग उस पर चलेगे खूटी के समान जल जायेगी।” यह ठीक बात है। वह अपने आगे–आगे संदेश वाहक भेजने की बात कर रहा है, जो की एलीशा था।

229 मैं इन सारी बातो में विश्वास नहीं करता, जो यहाँ आसपास चल रही है आज, एलिय्याह का वस्त्र और सारी चीजे। मैं… ये सारी झूठी बाते आनी ही है, निसन्देह, कि वास्तविक चीज में गडबडी करे, जब वह आती है। परन्तु, मैं आपको बता दू, कि पेंटीकोस्ट युग के अन्त में एक संदेशवाहक उठ खड़ा होगा और चीजो को पूरा करेगा। यह एक मनुष्य होगा ना कि एक झुण्ड, ना ही नामधारी; परन्तु एक मनुष्य। यह सदा से रहा है, और परमेश्वर अपनी योजना नहीं बदल सकता, वह एक अनन्त परमेश्वर है।

230 स्मरण रहे, यदि वह संदेशवाहक (यूहन्ना) मलाकी चार का संदेशवाहक था, तो वचन असफल हो गया, क्योंकि इसने कहा, यह होगा… “पृथ्वी खूंटी के सामान जल जायेगी, और धर्मी लोग दुष्टो की राख पर चलेंगे।” इसलिए इसे पढ़े, और देखें यदि यह सही है या नहीं। समझे? परंतु यीशु ने यह कभी नहीं कहा, उसने मलाकी तीन का उल्लेख किया, “मैं अपने आगे–आगे अपने संदेशवाहक को भेजुंगा, कि मार्ग को मेरे लिये तैयार करें।” यह बिल्कुल ठीक है।

231 अब, स्मरण रखे, यह दूसरा वाला इसे बालको के विश्वास को पूर्वजो की ओर फेरना था, बालकों के विश्वास को वापस पूर्वजों के विश्वास पर लेकर आना, मूल बाइबल पर।

232 ठीक यही मूसा ने किया था। ठीक यही यीशु ने किया था। ठीक यही हर संदेशवाहक ने बाइबल में से होते हुये किया है, विधान के अंत के समय में, उन्होंने संदेश को वापस किया। लोगों ने, संगठनों में होते हुये और चीजें, सारे संकोच मिले और सारी बातें, उन दिनों में।

233 उन्होंने आज भी वही किया है! इसलिए हम एक संदेश वाहक की प्रतीक्षा कर रहे है। (परमेश्वर, उसे भेजें!) क्या आप सोचते है कि हम उसे ग्रहण करेंगे? नहीं, श्रीमान! वह "एक सनकी और एक अति उत्साही होगा," बहुत ही निश्चित, परन्तु परमेश्वर उसे प्रमाणित करेगा। वास्तविक विश्वासी, वे जो अनन्त जीवन के लिये पहले से ठहराये गये है, यीशु ने कहा, "वह सब जो पिता ने मुझे दिया है आयेगा, और कोई मनुष्य नहीं आ सकता जब तक पिता उसे ना खींच ले। और सब जो पिता का है" (बीता समय) "मुझे दिया है, वे आयेंगे।" यह ठीक बात है, वे थे...

234 मैं इस सब में जो यहां बैपटिस्ट शिक्षा है, उस में विश्वास नहीं करता अनंत सुरक्षा की। मैं इसका इसके इसमें विश्वास करता हूं, मैं विश्वास करता हूं आप तब तक सुरक्षित है, जब तक आप कलीसिया में है, परंतु आप बाहर जाते है... बाहर लहू के नीचे से बाहर यीशु मसीह के, आप सुरक्षित नहीं है। मैं वर्षों से तब तक सुरक्षित हूं, जब तक मैं यहां पर हूं।

235 और जब आपका पवित्र आत्मा में बपतिस्मा हो गया और *कहते* है कि आपके पास पवित्र आत्मा है, और वे परमेश्वर के वचन का इन्कार करते है? *कहते* है आपने विश्वास किया और पवित्र आत्मा पा लिया, और इन्कार करते है कि वचन सच्चा है? तब वह फिर पवित्र आत्मा कैसे हो सकता है जबकि वह वह है जिसने बाइबल को लिखा? पवित्र आत्मा अपने ही वचन का इन्कार करता है, कहते है, "मैं—मैं गलत था, आप सही है?" नहीं, यह परमेश्वर नहीं है। नहीं, श्रीमान।

236 तेज तलवार! (प्रभु ने, हमें एक महान संदेश भेजा है।) यही जिसकी हम राह देख रहे है। तब, निसंदेह, जब वह उन पत्थरों को सही बैठाने को आता है और उन्हें भवन के लिए काटता है, क्या घटित होगा? उन में से बहुत सारे वचन परीक्षा में स्थिर नहीं रह पायेंगे। वे अपने संगठन से ही प्रेम करेंगे, इस से अच्छा कि वे परमेश्वर के वचन से प्रेम करते, यदापि वह वचन उस मनुष्य के द्वारा प्रमाणित हुआ। वह एक भविष्यवक्ता होगा जो

प्रभु के नाम से आयेगा, और वह वही होगा, जो इस पृथ्वी पर आयेगा। मैं इसका विश्वास करता हूं।

ओह, हर कोई कहता है, "यह एक लोगों का झुंड होगा।"

237 मैं चाहता हूं कोई मुझे बाइबल में दिखाये कि यह लोगों का झुंड होगा; परमेश्वर अपना ही वचन तोड़ देगा, वह यह नहीं कर सकता। नहीं, श्रीमान। उसने इसकी प्रतिज्ञा दी है। ये एक पुरुष होगा। और वहां उसके साथ और होंगे, निसन्देह, हजारों विश्वासीयो की सारी कलीसिया उसके साथ होगी, हर कहीं।

238 जैसा यह नूह के दिनो में था, कि वहां बहुत सारे नहीं बचेंगे, क्योंकि यीशु ने कहा, "जैसा यह नूह के दिनों में हुआ था।" क्या आप यह जानते है? "जैसा यह लूत के दिनों में हुआ था," (इन्हें गिन ले) "ऐसा ही होगा।"

239 "आकाश और पृथ्वी टल जायेंगे, परंतु मेरा वचन नहीं टलेगा।" देखिए, मेरा क्या अर्थ है? ओह, भाई, अच्छा हो कि हम सूची ले—ले, यह वास्तव में हमारे सोचने से पहले हो जाये हो सकता है। हम किसी दिन जाग जाये और देखे कि हम किसी चीज में चूक गये। होशियार रहे! ध्यान दें, प्रार्थना ढूंढे, खोजे, यह आपके ऊपर से ना निकल जाये। और, स्मरण रहे, जब परमेश्वर का वचन प्रचारा गया, परमेश्वर उस वचन को करने के लिये बाध्य है, और इसे प्रमाणित करेगा।

240 जानते है, वहां उसने क्या कहा, लूत के दिनों में क्या घटित हुआ? उसने कहा, "जैसा यह लूत के दिनों में हुआ था।" आग के जरा गिरने के पहले वहां क्या घटित हुआ था? अब फिर क्या होगा आग के गिरने से पहले, कलीसिया किस प्रकार का संदेश पायेगी? अब की सादोम नहीं, चुनी हुयी कलीसिया शब्दों में नहीं चुनी हुई कलीसिया। बस तीन को बनाये रहे; वहां सादोमी; और वहां लूत और उसका झुंड, औपचारिक कलीसिया; वहां अब अब्राहम था, वह चुना हुआ। उन सब तीनों को संदेश मिला, जी हां, विभिन्न संदेशवाहको के द्वारा। ध्यान दें, किस प्रकार की चुनी हुयी कलीसिया में गये, उसने अब्राहम के साथ क्या किया। यीशु ने कहा, "ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" अब, हम इसका इन्कार नहीं कर सकते, यीशु ने ठीक यही कहा है। इसलिए निसन्देह, यह इसी प्रकार से होगा।

241 अब, बहुत से... जब यीशु आया और परीक्षा लाया और कहा, "वचनों में ढूंढो, क्योंकि उनमें तुम सोचते हो कि तुम्हें अनंत जीवन मिलता है, और वे वह है, जो मेरी गवाही देते है," क्या वे परीक्षण में खरे उतर सके? नहीं। और कोई भी चट्टानों के उस स्वीकरण को जानता है, वह वचन परीक्षण पर स्थिर नहीं रहेगा। ओह, मनुष्य, तो फिर कबाडे के ढेर में भेज दिया गया! परमेश्वर सदा गुण को गिनता है, बजाये गिनती के।

242 मैं बंद कर रहा हूं। मुझे खेद है मैं इस सारे समय आप लोगो को रोके रहा, मेरे करने का यह लक्ष्य नहीं था। बस जरा एक या, दो, क्षण यह अंतिम टिप्पणी फिर मैं चला जाऊंगा, बस एक मिनट। मैं आशा करता हूं कि मैंने—मैंने—मैंने कुछ कहा कि आप की सहायता हो, देखिये, कि आप अध्यन करें। समझे?

243 परमेश्वर सदा गुण को गिनता है, ना कि सदस्य। और आज हम इसका उल्टा करते है। हम सदस्य, और अच्छे कपड़े, अच्छी प्रार्थनाये गिनती गिनते है, बजाये गुण के। ओह हां।

244 एलीएजर, परिश्रम किया जब तक गुण को ना पा लिया। यह ठीक बात है। वह किसे लेगा? और उसने परमेश्वर पर भरोसा किया। गुण किसके लिये? गुण इसहाक के लिये, दुल्हन, जो कि कलीसिया का प्रतिरूप है। आप यह जानते है। यह अब्राहम का शारीरिक वंश था; यह अब्राहम का राजकीय वंश है। भाई, एलीएजर यदि, संदेशवाहक दुल्हन खोज रहा है, और गुण पाने की कोशिश में है, यदि वह एक मनुष्य आया, अंत समय का संदेशवाहक, दुल्हन खोजने के यत्न में है, मसीह के लिये, वह नामधारी की सदस्यता को नहीं ढूंढेगा। वह उस चरित्र को देखता है, जो इच्छा रखता हो।

245 ध्यान दें! पहले अच्छा चरित्र, तब उसे इसहाक से मिलाने के लिये तैयार करता है। जब उसने एक गुण को पा लिया, तब उसे शांत रहने दिया काफी समय तक कि उसका संदेश सुनें, इसहाक का।

246 अंत के दिनों का संदेशवाहक यही है, सांझ के उजियाले का कि पहले उस कलीसिया को ढूंढें (जहां वे संदेश का विश्वास करेंगे?), इसे ढूंढे। क्या आप पढ़ सकते हैं कि मैं किस विषय में बात कर रहा हूं? ढूंढो कि वह कलीसिया कहां है, वह आपको भीतर भी आने देगी वे आपके मुंह पर द्वार बंद नहीं करेंगे। और तब जब आप वहां यह करते हैं, तब आपने वह चरित्र

पाया। अब यदि वह पर्याप्त समय तक शांत रहती है कि उसे बताये कि उस दुल्हन को कैसी वेशभूषा पहननी है! उसे कपड़े पहनने है। शांत रहती है! यदि वह ले सकें...

247 उस छोटी रिबका को देखें, हर वचन को सुन रही है, उसका छोटा हृदय धड़क रहा है। वह... वह—वह उसे बता रहा था। अब, तू परिश्रम कर चुकी, "मैं कहां जाऊंगा?" जब तक मैं चरित्र को नहीं पा लूंगा। तब जब मैंने चरित्र को पाया, तब उसे बहुत समय तक शांत रहने दिया, कि उससे मिलने के लिये तैयार हो जाये। ओह, क्या ही, प्रभाव डालने वाली बात है! (इच्छा थी कि उस घड़ी में थोड़ा और समय होता) उसे तैयार करें; उसका संदेश सुनने के लिये शांत खड़ी रही। एलीएजर अपने विषय में नहीं बता रहा था, परंतु वह उसके लिये बोल रहा था, जिसके पास से वह भेजा गया था। और उसके पास वरदान थे कि सिद्ध करें कि वह कहां से भेजा गया। आमीन! वह इन चीजों को उसे पहना देना चाहता था। आप जानते है उसने उसे कैसे तय किया।

248 यदि मैं उसे उसका मुंख धोने दू! आप जानते है, मैं—मैं इस पर मुझे रुकावट का अनुभव हो रहा है, इसलिए अच्छा है कि मैं शांत रहूं जो भी है। मैंने बहुत कुछ कह दिया, आप जानते है मैं किस विषय में बात कर रहा हूं। ठीक है, सुनिये, बस शांत रखिये।

249 ध्यान दें, अन्त समय का संदेश वाहक, उसका कार्य संतों को तैयार करना, दुल्हन दूल्हे के लिए तैयार है। यह उसका संदेश होगा। अब आप का ख ग सीखना चाहते है, ताकि आप बाद में बीजगणित का अध्ययन कर सके? कब यह दूसरी मोहरे जो पीछे है खुली, ये केवल उन्हीं पर प्रगट हुयी। यह ठीक बात है। पहले क ख ग सीखे। *क ख ग* क्या है? "सदा यीशु पर विश्वास करो," (ना कि अपना मतसार), मसीह। समझे? जो वह कहता है, उसका विश्वास करो, ना कि कौन क्या कहता है।

250 यदि यह विरोध में है, यदि मनुष्य आपको बताता है, "यह आपके लिये सही है यदि स्त्रियां अपने बाल कटवाये," आप जानते है वह झूठ बोल रहा है। बाईबल कहती है यह गलत है। यदि वह यह कहता है, "आप डिकन हो सकते है, और फिर भी चार या पांच स्त्रिया रख सकते है," वह झूठ बोल रहा है। यह वचन के विरोध में है। समझे? और दूसरी बातें जो हम बोलते है, इसे वचन कहते हैं और देखें, यदि यह वचन सही है।

251 कलीसिया को वापस वचन पर लाओ। यह मलाकी चार का संदेश वाहक क्या करता है? मूल विश्वास को वापस लाता है। विश्वास का पुनरुत्थान, कि उन्होंने यीशु को मरे हुओ में से जी उठने के बाद देखा है, उसे अपने बीच में कार्य करते हुये देखा है।

252 वे थोडा बोलने वाले पुरुष थे। वे गये और वचन को प्रचार किया। ओह, उन्होंने लंबा प्रचार किया, एक बार पौलुस ने पूरी रात प्रचार किया। समझे? एक व्यक्ति भवन पर से गिर पड़ा और अपने आप को मार लिया। उसने अपनी देह को उस पर डाल दिया, फिर से उसे वापस जीवन में ले आया, देखिये। समझे? प्रचार करता रहा।

253 अब, ध्यान दें, वे भिन्न पुरुष थे उन से जो पी एच., एल. एल., क्यू. यू.एस.टी., और इस के आगे आप जो भी आज कहना चाहते है। क्या? संदेशवाहक को अलग करो और... बल्कि संदेश, संदेशवाहक के द्वारा, विश्वासी को अविश्वासीयो से। कुछ लोग इस पंक्ति में आ जाते है, और कुछ नहीं आयेंगे। कुछ लूथरन... कुछ कैथोलिक लूथर से मिल गये कुछ नहीं कुछ। लूथरन, मैथोडिस्ट के साथ मिल गये, कुछ नहीं मिले। कुछ पेंटीकोस्टल से मिल गये, और कुछ नहीं मिलेंगे। कुछ सांझ के उजियाले के साथ, कुछ नहीं मिलेंगे।

254 आप कैसे यह जानेंगे कि यह सांझ का उजियाला है या नहीं? इसे वचन से परखे (*एक* वचन से नहीं; सारे वचन को एकत्र करो), देखिये कि यह सही है या नहीं। ओह, इसमें क्या है? तब यदि यह संदेश परमेश्वर का समर्थन प्राप्त करता है, जो उसने कहा वही करता है कि वह करेगा, और यह वचन से मेल खाता है, तब वचन दूसरे समयो के समान प्रमाणित होता है, और जो दूसरे भविष्यवक्ताई ने किया।

255 ध्यान दें, जब संदेश... जब... ध्यान दें, जब संदेश लोगों द्वारा अस्वीकार किया गया और लगे कि संदेशवाहक पूरी रीती से पराजित हो गया, उसे दूसरा द्वार नहीं मिल सकता, उसे स्थान नहीं मिल सकता।

256 जैसे हमारा प्रभु था। स्मरण रखे, जब वह था... ओह, जब वह बीमारो को चंगा कर रहा था, वह युवा भविष्यवक्ता, "ओह प्रभु! वह एक महान व्यक्ति है!" "हेलो, रब्बी, आप कैसे है?" परंतु एक दिन, वह बैठा और उन्हें सत्य बताने लगा। उसे कलीसिया का समर्थन मिला, हजारों लोग उसके पीछे चल पड़े। उसके आसपास सत्तर सेवक थे, बारह को छोड़।

परन्तु एक दिन, जब उसने रोटी को बदला याने... रोटियों को बहुतायत में बदला, यह प्रमाणित करने के लिये कि वह परमेश्वर था, क्योंकि केवल परमेश्वर ही आकाश से रोटी बरसा सकता है। जी हां। समझे? उसने रोटियों को बढ़ा दिया। और तुरंत उसके बाद... वह पानी पर चला, एक आश्चर्यकर्म किया और उन चीजों को किया जो उसने की थी, यह सिद्ध करने के लिये कि वह था।

257 और तब, जब उसने किया, वह बैठ गया और उन्हें कठोरता के साथ लोगों को बताने लगा। लोग वापस चले गये। और सत्तर ने कहा, "ओह! इसे कौन सुन सकता है? यह तो कठिन बात है। जो हमने वास्तव में कुछ सोचा था तूने सब तोड़ दिया। अब, तू कौन है जो हमें यह बातें बताता है? " और वे छोड़ कर चले गये।

258 तब यीशु अपने छोटे झुंड की ओर घुमा, जैसे नूह के दिनों में, जैसा सादोम के दिनों में, कहा, "तुम भी चले जाना चाहते हो? "

259 तब पतरस ने उन महान वचनों को कहा, "प्रभु, हम कहां जायेंगे? " (परमेश्वर, हमारी सहायता करें।)

260 ध्यान दें जब संदेश अस्वीकार कर दिया गया और लगा कि संदेशवाहक हार गया, यही जब परमेश्वर दृश्य में आता है, उसका संदेश पूरा हो गया।

261 नूह, (अब बंद कर रहा हूं), नूह ने अपनी नाव के दरवाजे पर खड़े होकर प्रचार किया 120 वर्षों तक, जब तक, जब अन्त में वे उस पर हंसे और उसका तिरस्कार किया, नूह ने नाव में कदम रखा यह सोचते हुये कि... कि यह सब ठीक रहेगा। परमेश्वर ने दरवाजा बंद कर दिया। और लोग देखने के लिये आसपास जमा हो गये कि अब क्या होने जा रहा है। वह सात दिनों तक वहां बैठा रहा पसीने में, और सातवें दिन वर्षा आ गयी। ओह।

262 मूसा, वह किस में था? कर्तव्य के मार्ग पर लोगों की अगुवाई कर रहा है। लाल सागर उसके मार्ग में आ गया। वह अपने मार्ग के अंत में था। यह तब था, परमेश्वर पूर्वी हवा के साथ आया और लाल सागर को खोल दिया, मार्ग के अंत में।

263 यह डेनियल था, अपने संदेश पर स्थिर, "मैं राजा के संसार से स्वयं को दूषित नहीं करूंगा।" परमेश्वर के लिये सच्चाई पर खड़ा रहा, वह ठीक

अपने मार्ग के अन्त पर था, ऐसा लगा कि उसका अंत समय आ गया था, उन्होंने उसे सिंह के मांद में फेंक दिया। परमेश्वर दृश्य पर आ गया।

264 और एक दिन, सुबह बाबुल में... आमीन! मैं स्वर्ग की ओर देख सकता हूं, मैं एक—एक सिहासन को देख सकता हूं, स्वर्गदूत चारो ओर खड़े है। यहां नीचे बाबुल में देखो, मैं एक जलती हुयी भट्टी देख सकता हूं। मैं वहां तीन बालकों को खड़ा हुआ देख सकता हूं, कह रहे है, "हमारा परमेश्वर हमें छुड़ाने के योग्य है।" समझे? "परन्तु हम तेरी मूरत के सामने नहीं झुकेंगे, क्योंकि यह वचन के विरोध में है।" समझे? "हम यहां पर खड़े है।"

265 "ठीक है," राजा ने कहा, "सीढ़ीयो पर ऊपर चढ़ा, तुम जलने जा रहे हो।" बड़ा भारी व्यक्ति, उसके भाले की नोक पर, यहां वे सीढ़ी पर आते है, एक एक कदम, गर्म और गर्म।

266 मैं देख सकता हूं, एक स्वर्गदूत वहां पर खड़ा हुआ है, एक, सिंहासन के एक और तलवार पकड़े हुये और इसे बाहर खींचा, बोला, "पिता उधर नीचे देखे, क्या हो रहा है! मुझे नीचे जाने दे, मैं जिब्राईल हूं, मैं दृश्य को बदल दूंगा।"

267 "अपनी तलवार म्यान में वापस रख, जिब्राईल। मैंने यह देख लिया है।"

268 यहां दूसरा वाला आता है, बोला, "पिता, में वार्मवुड हूं, मैं जल से नष्ट करने वाला हूं। बाढ़ के समय, मनुष्य ने पाप किया और आपके लोगों से बुरा व्यवहार किया, और मैंने सारे संसार को पानी के गोले में बदल दिया। इस सुबह मैं बाबुल को नक्शे पर से धो दुंगा। मुझे जाने दे।"

269 "मैं जानता हूं तू कर सकता है, वार्मवुड, तू एक विश्वसनीय स्वर्गदूत है। समझे? परंतु, मैं तुझ नहीं जाने दे सकता, यह मेरा कार्य है। मैं स्वयं जा रहां हूं।"

"यहां, आपने उन्हें देखा?"

270 "मैंने पूरी रात्रि उन पर ध्यान दिया। मैंने उनकी प्रार्थना सभा को सुना। मैंने उनका पक्ष अपने वचन पर देखा, मैं वहां समय पर होऊंगा" ओह, प्रभु! मैं उसे उठते हुये देख सकता हूं और उसको राजसी वस्त्र उसके चारों ओर फैल गये, इस प्रकार से, और कहते हैं, "पूर्वी हवा, उत्तरी, दक्षिणी पश्चिमी

यहां आओ, उस गर्जन के बादल पर पांव रखा, इस प्रात: मैं तुम पर रथ के समान सवारी करने जा रहा हूं। मैं नीचे बाबुल को जा रहा हूं, मैं दृश्य को बदलने जा रहा हूं।" ओह भाई, वह ठीक वहां समय पर था!

271 उसकी आंख गौरय्या पर है और मैं जानता हूं वह मुझे देख रहा है। वह आज रात भी मुझे देख रहा है, मुझे देख रहा है। वह आपको देख रहा है, उसने देखा कि हम स्थिर रहेंगे या नहीं हम क्या निर्णय लेंगे, क्या हम वचन के प्रति सच्चे होगे, या उससे अलग हो जायेंगे। यह आपके सोचने से पहले।

272 याकूब, अपने घर के मार्ग पर, वापस घर जाने के लिये प्रोत्साहित, उसका भाई उससे मिल रहा है। ओह, परंतु एक रात उसने परमेश्वर से संघर्ष किया। वह अपने भाई से मिलने के लिए डर रहा था, परंतु अगली सुबह वह एक निडर था, लंगडाने वाला राजकुमार। "मुझे ऐसाव और उसकी सेना की आवश्यकता नहीं है, किसी की नहीं," परमेश्वर दृश्य पर आ गया। देखिये, वह पवित्र ढंग से करता है।

273 परमेश्वर का प्रमाणित पुत्र होने के पश्चात यीशु अस्वीकार किया गया, "यदि मैं अपने पिता के कार्य नहीं करता, तो मुझ पर विश्वास मत करो।" वह उस दिन का उजियाला था (वह अब भी उजियाला है), दृश्य पर आ गया। और लोग, जब तक वह सका... रोटी और मछलियां और रोटिया, वे उसके पीछे चले। परंतु जब उसने वचन के सत्य को बताना आरंभ किया, इसने उन्हें अलग कर दिया, उनके अपने रीति रिवाज थे, जो उनके पास थे। यह विरोध में थे फिर भी आप जानते है, वह ठीक वचन के साथ था। परंतु संसार की अंधी आंखें, इसे नहीं देख सकी; नहीं अब भी वे देखते हैं, ना हीं वे किसी युग में, मेरा अर्थ, सारे से है। क्या हुआ? यह ऐसा प्रतीत हुआ, वह हार गया था।

274 आप उसी समय से उस पर ध्यान दें, उसकी लोकप्रियता समाप्त हो गयी। कब? जब उसने उन्हें वचन बताना आरंभ किया। जब वह जा सकता था और चंगाई सभाये और अभियान हर कोई उसे चाहता था, "ओह रब्बी, यहां आजा!" और, "रब्बी, यहां आ!" परंतु जब उसकी शिक्षा आरंभ हुयी; "ओह, तेरी शिक्षा हमारे लोगों को परेशान कर रही है।" अरे बाप रे! "ओह, मैं आपको अपनी कलीसिया में और नहीं बुला सकता, रब्बी, क्योंकि, क्यों, तू हमारे लोगों को भ्रमित कर देता है, तेरी शिक्षा जो हम विश्वास करते है,

उसके विपरीत है।" यह नहीं बदला है। समझे? यह नहीं। जी हां। "क्या तू नहीं सकता, रब्बी!" फिर भी वह वचनों से समर्थन और सिद्ध हो रहा था, कि वह कौन था, फिर भी वे इसका विश्वास नहीं कर सके।

275 अंत वह अंतिम क्षणों तक आगे बढ़ता रहा, जब शैतान ने सोचा, "मैंने इसे पकड़ लिया," उसने उसे क्रूस पर चढ़ा दिया। नीचे, नीचे, नीचे, नीचे, जब तक कि अंत में उन्होंने सोचा उन्होंने उसे ले लिया, और कब्र में रख दिया। परंतु तब ही जब परमेश्वर दृश्य पर आ गया। और वह कब्र में से जी उठा! क्यों?

276 यही बात, पौलुस ने कहा, "सब… देमास ने मुझे छोड़ दिया है। वचन के कारण सब लोगों ने मुझे छोड़ दिया।" मैं विश्वास नहीं करता कि देमास, रात क्लब और आदि जगहो में गया। परंतु देमास चला जाना चाहता था, देमास एक धनी व्यक्ति था। और वह लोकप्रिय लोगों के झुंड के साथ जाना चाहता था, और इसलिए वह चला गया वहीं जहां बाकी लोग चले गये थे। और तब पौलुस ने कहा, "सब लोगों ने मुझे छोड़ दिया है।" क्यों? उसकी सेवकाई, वह इसके चोटी के पत्थर पर आ रहा था, नीचे अंत में आ रहा था।

277 उसकी इच्छा शहीद होने की थी, क्योंकि उसने स्तफनूस को मारा था, उसने उसकी मृत्यु की गवाही दी और इस पर सहमति वह मरना चाहता था, जब वह… अगुबस, वह जाना माना भविष्यवक्ता, उसके पास खड़ा हुआ, और उसे बताया कि यरूशलेम को ना जाना, उसने कहा, "मैं जानता हूं कि ना जाऊं। परंतु मैं केवल जाना ही नहीं चाहता, इन जंजीरो और बंधनों में, यरूशलेम को, परंतु मैं जाकर प्रभु यीशु के लिए मरने को भी तैयार हूं।" यह क्या था? वह अपनी सेवकाई को मोहर बंद कर रहा था।

278 ओह जीवते परमेश्वर की कलीसिया, हम सारी रात बात करते रह सकते है। हम कैसे अपने संदेश को मोहर बंद कर सकते है? हम कैसे करने जा रहे है? परमेश्वर, इस वचन को लेने के लिये हमारी सहायता करें, कि बहादुरी से स्थिर रहे। मुझे वचन के द्वारा मर जाने दो; वचन के द्वारा जीना, वचन से मरना। उजियाला फैलाऊ, क्योंकि सांझ के समय उजियाला होगा। मित्रों, हम उस घड़ी में है। आईये इसका विश्वास करें, जैसा कि हम अपने सिरों को झुकाते है।

279 पहले, मैं क्षमा मांगता हूं कि आप लोगों को इस सारे समय रुकाये रहा दो घंटों तक, एक घंटा पैतालीस मिनट, मैं सोचता हूं, ठीक इतना ही। मैं आशा करता हूं किसी बात से आपको आघात नहीं पहुंचा। हम ठोकर नहीं खाते। कि, यदि यह हमारे में—यदि यह हमारे ह्रदय और प्राण में है, तो फिर हम अपने में गलत है, यदि हम सेवक गण उन बातों को कहते है, मेरे भाई यहां पर, यह पवित्र आत्मा से भरा पुरुष। समझे?

280 जब मैं बचाया गया और मैंने अपने बैपटिस्ट पास्टर को बताया कि मुझे पवित्र आत्मा मिला है, और यह सारी चीजें,... और प्रभु के दूत ने मुझे बताया कि क्या करना है, वह बोला, "तुम्हें दु:स्वप्न हुआ होगा, बिली।"

मैंने कहा, "डॉक्टर डेविस, मैंने एक स्वर्गदूत को देखा।"

281 उसने कहा, "ओह, निर्थक बात!" कहा, "यह—यह शैतान का है।" समझे? ओह, प्रभु, मुझे कैसा आघात लगा! उसने कहा, "तुम राजाओ और हाकिमो को प्रचार करने जा रहे हो? "

मैंने कहा, "यही जो उसने कहा।"

उसने कहा, "कक्षा सात की शिक्षा के साथ? "

मैंने कहा, "उसने यही कहा है।"

282 उसने कहा, "क्या सोचते हो तुम्हारी कौन सुनेगा? एक दिन इस प्रकार से दिव्य चंगाई प्रचार करने जा रहे हो, और सारी अच्छी चिकित्सा खोज और चीजें? "

मैंने कहा, "मैं कुछ नहीं कर सकता कितने गोलियात वहां पर खड़े है।"

उसने कहा, "तुम क्या सोचते हो तुम्हारी कौन सुनेगा? "

283 मैंने कहा, "यदि परमेश्वर मुझे भेज रहा है, तो वहां पर कोई है कि मुझे सुने।"

284 तो फिर मैं आप लोगों के विषय में नहीं जानता। और जब मैं आपके पास आता हूं, यह इस प्रकार से था जैसे हाथ में दस्ताना पहने हुये, मैं आपके साथ सहयोग में। मैं आपसे प्रेम करता हूं। मैं आपसे प्रेम करता हूं। मैं अपने पास्टर भाइयों से प्रेम करता हूं। आप सोचते है, एक प्रेसबीटेरियन, मैंथोडिस्ट, या लूथरन, अपनी कलीसिया को इस प्रकार खोलेंगे, जैसा आज रात्रि इस भाई ने हमारे लिये कि यहां बैठे और इस प्रकार का संदेश प्रचार करें? नहीं, श्रीमान, बिल्कुल नहीं। ये साहसी पुरुष है जो सत्य का

विश्वास करते है। अब वचन के साथ मेल खाये उनके संग, देखिये, संसार की चीजो से दूर रहे।

285 बहनों, अपने बालो को बढ़ने दें। अच्छे साफ–सुथरे वस्त्र धारण करें। आपके लिये लज्ज्ञा की बात, अपने चेहरे से रंग हटा दें। समझे? आपके पास रंग लगाने के लिये बहुत सारे वचन है बजाये कि आप अपने बाल काटे। यह ठीक बात है। इसे ना करें। इसे ना करें। बाईबल कहती है यह करना स्त्री के लिये लज्ज्ञा की बात है। बाल आपकी महिमा है। अब आप कहते है, "यह तो छोटी सी बात है।" यह ठीक बात है, इन छोटी–छोटी बातों को अपनी राह से हटा दे और तब हम बड़ी बातों के विषय में बात करेंगे। इसे अभी आरम्भ कर दे।

286 अब, भाइयों। ओह, प्रभु! मैं उस मनुष्य को एक बात कह दू। श्रीमान, मेरे भाई, यदि आप अपनी पत्नी को इस प्रकार की चीजें करने देते है, मुझे आप पर लज्ज्ञा आती है, और दावा करते है कि आत्मा से भरे मनुष्य है। आपके लिये लज्ज्ञा की बात है, अपनी पत्नी को सड़क पर जाने दे।

287 और आपकी वेशभूषा सब कामुकता वाली है और सारी बातें, इस प्रकार से और क्या आप जानते है बाईबल ने कहा, यीशु ने कहा, "जो कोई भी एक स्त्री पर कुदृष्टि डालें वह उसके साथ व्यभिचार कर चुका? "

288 आप कहते है, "मेरे भाई, अब आप एक मिनट रुके, मैं निर्दोष हूं।" मैं विश्वास करता हूं, मेरी बहन, आप भी स्वाभाविक व्यवहार में आप निर्दोष है। परंतु यदि आप अपने आप को प्रस्तुत करती है और पापी आपको देखता है, और आपने अपने आप को इस प्रकार से प्रस्तुत किया है तो, कौन दोषी है? आप, क्योंकि आपने अपने आप को प्रस्तुत किया। तब न्याय के दिन, जब वह पापी व्यभिचार के लिये उत्तर देगा जिसने किया, उसने अपने ह्रदय में यह किया? आप! क्यों? क्योंकि आपने अपने आप को प्रस्तुत किया। अब, यह केवल सत्य है।

289 आप नहीं करें, आप ना करें, बहन, कृपा करके यीशु के नाम में, मैं आपसे एक भाई के समान कह सकता हूं, सीधा–सीधा?

290 भाई, आपके लिये लज्ज्ञा की बात है कि आप अपना घर इस प्रकार चलाते है, सही कर ले आप एक मनुष्य के समान मैं आपसे अधिक आशा करता हूं। समझे?

291 पादरियों, आप जो ऐसे लोगों को आने देते है, डिकन और हर चीज को अपने साथ ले और इस प्रकार का कर्तव्य, दो तीन स्त्रियों के साथ रह रहे है और चीजे, पादरियों क्या आपको लज्ञा नहीं आती? क्या आपको इन बातों पर लज्ञा नहीं आती? और अपने यहां सदस्य बनाते हैं, जबकि वे व्यभिचार में जी रहे हैं, और सिगरेट पीते हैं सब कर रहे हैं, और प्रचार मंच से कभी उल्लेख तक नहीं किया। आपके लिये लज्ञा कि बात है! मैं—मैं—मैं आपके लिये प्रार्थना करता हूं, भाई।

292 परमेश्वर आपको आशीष दे। आपके धैर्य के लिये धन्यवाद कि आपने मुझे सहन किया। मुझे आश्चर्य...

293 सांझ का उजियाला आ गया है। सांझ का उजियाला यहां पर है, वचन पर वापस आओ।

294 अब, अपने झुके हुये सिरों के साथ, आपके हृदय झुके हुये है, अपने आप से यह प्रश्न पूछे, "क्या मैं इस वचन से मापा गया हूं? क्या मैं? "

295 मेरी प्रार्थना, इस प्रार्थना मंच से, "ओह परमेश्वर, मुझसे हर चीज को काट दे, जो आपके समान नहीं है। ओह परमेश्वर, मुझ से ले ले।" हम यहां मार्ग के अंत पर है।

296 ठीक है, क्या आप इतने निष्ठावान होंगे कि अपने हाथों को उठाये और कहे, "परमेश्वर, मुझसे हर चीज दूर कर दे, जो आपके समान नहीं है। प्रभु मुझे बनाये, मुझे ढाले और मुझे बनाये? " प्रभु आपको आशीष दे।

297 यदि यहां कोई ऐसा है जो ठीक नहीं है, और एक पापी है और आज रात यहां भटका हुआ हो, और मसीह को कभी अपना बचाने वाला स्वीकार नहीं किया, या एक पिछड़ा हुआ या कुछ और वापस आना चाहता है, आपको निमंत्रण है कि यहां आकर वेदी पर खड़े हो जाये। यदि आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर मेरी प्रार्थना बीमारों के लिये सुनेगा, मैं विश्वास करता हूं वह सुनेगा। आप और मैं मिलकर जैसा कि हम अपना विश्वास, यीशु मसीह के बलिदान के ऊपर रखते है और प्रार्थना करते है, मैं विश्वास करता हूं परमेश्वर सुनेगा। आप यहां आने के लिये आमंत्रित है, और प्रार्थना के लिये खड़े हो।

298 अब, हमारे स्वर्गीय पिता, इस भक्त मंडली को हम आपको देते है, यह टूटे—फूटे शब्द जो देरी तक, प्रभु। यहां तक कि बहुत से थक गये और ऊब कर घर चले गये और हो सकता है कुछ तो बुरा लगा, और प्रभु,

मैं—मैं बता नहीं सकता कि मंडली में कौन पूरे समय रहा। और पिता कुल मिलाकर पिता, यह आपका वचन है और आप मेरे ह्रदय को जानते है। इसलिये... और मैं... हाय मुझ पर यदि मैं यह नहीं करता। और मुझे—मुझे यह करना चाहिए, प्रभु। इसलिए मैं प्रार्थना करता हूं अब कि वह लोग जिन्हें वचन की समझ है, स्पष्ट रूप से समझेगे, और मैं निश्चित हूं वे जिनको आपने जीवन के लिये बुलाया, आयेगा, ये संसार में कुछ नहीं है, सिवाये परमेश्वर के लिये प्रेम भरा ह्रदय और उसकी कलीसिया कि मैंने इन बातों का निवेदन किया।

299 पिता, व्यवहारिक रूप से हर हाथ यहां एक खतने के लिये ऊपर उठा है कि सारी फालतू चीजों को काट दे, जो यहां से नहीं है। परमेश्वर, हम सब की सहायता करें। प्रभु मैं ठीक इनके संग खड़ा हूं। मैं इन में से एक हूं, मैं उस महान सहस्त्रशताब्दी के दिन की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जब पाप और लज्ञा सदा के लिये नष्ट हो गये है। और, जबकि हम इस संसार में हैं, हम जानते है कि हम इन बातों कि अधीनता में है, हम गलतियां करते है, हम पाप के अधीन है, हम अब भी चल रहे हैं और फिर भी हमारी इच्छा यह करने कि नहीं है। जैसा कि बाईबल ने कहा, "निराश ना हो जब निंदा की जाये।" परंतु पिता मैं प्रार्थना करता हूं, कि वचन कि निंदा मुझे बहुत बुरी तरह से काटती है, जैसा यह उन बाकियों को काटती है। और मैं प्रार्थना करता हूं, पिता कि ये इसे इसी प्रकार से समझेंगे।

300 मैं प्रार्थना करता हूं आप इन्हें आशीषित करेंगे अब। और होने पाये यह, जैसा कि हमने पहले प्रार्थना की है, प्रभु, जानते और यह देख रहे है, यह हम किस लिये मांगते है, क्योंकि हम नहीं चाहते कि हम गलत मांगे, हम ऐसा कुछ नहीं मांगना चाहते जो बस क्योंकि बढ़ चढ़ कर हो, क्योंकि हम आप से बातें कर रहे है।

301 मैं मांगता हूं कि आप हमारे छोटे भाई को आशीषित करें, जिसने अपने दरवाजे मेरे लिये खोलें कि आज रात्रि मैं यहां पर आऊं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उसकी कलीसिया को आशीषित करेंगे, होने पाये कि उसका हर सदस्य, प्रभु, छोटा सा... यह एक प्रकाश स्तंभ हो जाये, एक स्थान जहां परमेश्वर के वरदान बह रहे है, और हर चीज सरलता में दौड़ रही है।

302 हर सेवक को आशीषित करें, जो यहां पर बैठा हुआ है उनकी कलीसियाये। और होने पाये ऐसी हलचल हो, या एक शहतूत के पेड़

में आवाज, परमेश्वर के आत्मा की फिनिक्स पर से हो कर निकले, और कलीसियाओ को संगति में ले आये और और एक महान बेदारी, कि सेवकगण प्रचार करने योग्य ना हो परमेश्वर की महिमा के कारण; परंतु जब संत एक साथ आये इस दोपहर बाद के पहले, और रोते और प्रार्थना करते हुये और गवाही देते हुये और संदेश, बस एक वास्तविक आत्मा का उंडेल जाना, जब सारा शहर आने के लिये आकर्षित होगा, कि सुने। अब इसे प्रदान करें।

303 प्रभु, हमारे बीच में बीमारो को चंगा करें। उन्हें दिव्य छुटकारा दे, पिता यीशु मसीह के नाम में होते हुये।

304 अब अपने झुके हुये सिरों के साथ, यदि यहां कोई हो, जो यहां वेदी के आसपास खड़े होने की इच्छा करता हो अब, और जबकी हमारे सिर झुके हुये है, और हम एक छोटा गीत गुनगुनाने जा रहे है, एक—एक—एक अच्छा, पुराना सुसमाचार का गाना। और हम उसे गुनगुनाना चाहते है। और जब हम करते है, यदि किसी की इच्छा हो कि हम उसके लिये प्रार्थना करें, कि एक—एक गहरे अनुभव के लिये कि पवित्र आत्मा प्राप्त करें, या आप बच गये, और अभी भी पवित्र नहीं हुये है, या जो हम आनंद के करने के लिये हो कि जबकी हम गुनगुना रहे है, इस छोटे गाने को *मैं उस से प्रेम करता हूं*। और यदि आप उस से प्रेम करते है, तो चलिये हम अब उसके वचन का आदर करें।

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
कलवरी के वृक्ष पर।

305 जबकि वे लोग आ रहे हैं, मैं चाहता हूं प्रत्येक यहां अपने स्थान को ले अब। ठीक है, बहन।

... उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि वह...

अब आइये, वेदी के आसपास, जब आप जो आना चाहते है।

... मुझे
और मेरे उद्धार को खरीदा
कलवरी के...

306 क्यों नहीं आप में से कुछ बहने छोटे बालों के साथ यहां आये और परमेश्वर से प्रतिज्ञा करें? आप चाहते है कि मैं बाईबल में से आपके लिये पढ़ू? ठीक है। क्या आप आकर नहीं कहते है, "प्रभु, में हर बात में ठीक होना चाहता हूं, और मैं ठीक होना चाहता हूं। और मैं सही मार्ग पर चलना चाहता हूं और वही टिका रहा रहूं। आज रात्रि मैं आपसे प्रतिज्ञा करना चाहता हूं, प्रभु। यह अब के बाद से बढ़ता रहने वाला है?"

307 बाईबल ने कहा पुरुष के लिए लज्ञा की बात है कि वह लंबे बाल रखे, स्त्री जैसा दिखाई पड़े। परमेश्वर ने दो वाचये बांधी एक आदम के साथ और हवा के साथ। उसने उन्हें भिन्न वस्त्र दिये कुल मिलाकर वे भिन्न है। वे सदा से भिन्न रहे वहां बाईबल में होकर दो वाचाये है। एक रात्रि मैं उन दोहरी वाचाओ पर प्रचार करना चाहता हूं कभी, आपको दिखाऊ क्या भिन्नता है। ओह, प्रभु, यह आश्चर्यजनक है। यहां तक कि यह आपके विवाह और तलाक के मामले में है, यदि आप केवल इसका सत्य जानते यह सारे मामले को तय कर देगा। यह ठीक बात है ठीक है। अब फिर से, जब कि हम निश्चित है। आईये, क्या आप नहीं?

मैं उससे प्रेम करता हूं,...

क्या आपको पवित्र आत्मा चाहिये? आईये पास में खड़े हो जाये

क्योंकि उसने पहले मुझसे प्रेम किया
और...

आप उसके साथ साथ चलना चाहते हैं? आइये, शपथ ले उसके बराबर में खड़े हो और इसे बनाये रखें। इस शपथ लेने से क्या लाभ होगा जब तक हम उस पर बने ना रहे।

पर...

आप आये और अपनी शपथ ले। परमेश्वर इसे पूरा करेगा। आप बस अपनी शपथ पर बने रहे।

308 अब मैं अपने सेवक भाइयों से कहने जा रहा हूं, यदि आप यहां आस-पास आ जाये, ये बहुमूल्य लोग, जबकि हम ठीक यहां प्रार्थना कर रहे है, एक दूसरे से बात करे, जब कि हम यहां पर हैं, उनकी आवश्यकता को आप पूछे।

309 हर कोई श्रद्धा भाव में रहे जितना आप हो सकते है। अब, परमेश्वर आपको सम्मानित करेगा, वास्तव में श्रद्धा भाव में रहे जब तक प्रार्थना होती है। अब आप आस पास आ जाये, यहां, चारों तरफ और इन लोगों के पीछे, जो यहां प्रार्थना के लिये खड़े है।

कलवरी के वृक्ष पर

310 अब फिर से, जब की सेवक गण, दोनों ओर आसपास जमा हो रहे है।

मैं उस से प्रेम करता हूं, मैं...

मैं यह देखना चाहता हूं विभिन्न संगठनों के सेवक गण सब एक में है; ये लहू के नीचे है।

क्योंकि उसने मुझ से पहले प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
कलवरी के वृक्ष पर। (ओह प्रभु!)

311 अब भाइयों आये, सीधे अपने व्यक्ति के पास जिसके पास आप खड़े है, अपने हाथ उन पर रखे और उनसे पूछे वे परमेश्वर से क्या चाहते है। यह एक शानदार समय है? आप जानते है, जब मैं यह देखता हूं, इधर देखिये, विभिन्न कलीसियाओं के सेवक गण, यहां पर एक साथ खड़े है। वे बहने जो वहां चारपाईयो में बाहर थी, चली गयी। प्रभु की महिमा हो। इसके लिये बहुत धन्यवादित हूं, प्रभु के नाम में खड़े हुये है।

312 अब, सारे श्रोता गण अब, हर कोई अपना सिर झुकाये। अब आप में से प्रत्येक अपने ह्रदय में, परमेश्वर से ऐसे ही बात करें, जैसे आप मुझ से बात करेंगे; जैसे कि आप आते और कहते है, “भाई ब्रन्हम, मैं—मैं... ” यदि आपने कुछ गलत किया है, तो कहे, “मुझे खेद है, भाई ब्रन्हम। मैं—मैं यह किया, क्या आप मुझे इसके लिये क्षमा करेंगे? मैं आप से प्रतिज्ञा करता हूं, भाई ब्रन्हम, मैं आपके विरोध में फिर कभी नहीं करुगा।” अब मुझे नाम से बदल दे मुझसे, आपके प्रभु यीशु मसीह में।

313 और यदि आपको चंगाई की आवश्यकता है, जैसा कि आप कर कहेंगे, “भाई ब्रन्हम, मैं—मैं टूट गया हूं, आज रात्रि मेरे पास रात्रि का भोजन नहीं है, और हां मैं जानता हूं, यदि आपके पास एक डॉलर होता आप मुझे दे देते।” अब, देखिये, आपको यह परमेश्वर से नहीं कहना, “यदि आपके पास चंगाई की सामर्थ है, ” देखिये, यह है उसके पास आपको मुझसे कहना

है, "*यदि* आपके पास है यह।" परंतु उससे आपको यह नहीं कहना है, "*यदि* आपके पास है" उसके पास है समझे? इसलिये आप कहते है, जैसे, "भाई ब्रन्हम, क्या आप मुझे एक डॉलर देंगे? मैं—मैं मुझे कुछ खाने को चाहिये," क्यों, निसन्देह मैं करूंगा आप यह जानते हैं, यदि मेरे पास होता किसी समय मैं आपको देता, यदि मैं ना दूं तो मेरे पास भयानक ह्रदय है यदि मैं ना करूं और मैं क्रूर होने के नाते, पापी मनुष्य और अच्छे ह्रदय वाला होता, आपके किसी के समान तो परमेश्वर क्या होगा?

314 "यदि आप दुष्ट होकर जानते हो कि अच्छे उपहार कैसे दे, तो फिर आपका स्वर्गीय पिता कितना और अधिक होगा, पिता इन्हें आत्मा दे, जो यह मांग रहे है।" "यदि तुम मछली मांगोगे, क्या वह तुम्हें साप देगा? रोटी मांगो, क्या वह तुम्हें पत्थर देगा? " निश्चय ही नहीं!

315 क्यों, यदि आप उससे इस प्रकार मांगो, विश्वास के साथ विश्वास करते हुये और उससे लाखो गुना जल्दी पाओगे बजाये मुझ से कुछ पाने के। और आप जानते है मैं आपकी सहायता करूंगा, मैं कुछ भी करूंगा जो कर सकता हूं। इन में से कोई भाई भी करेगा, हम अपनी जेब से हर पैसा निकाल देंगे कि आपकी सहायता करें। हम कुछ भी करेंगे जो हम कर सकते है। परन्तु यह कुछ ऐसा कि आपको विश्वास से भरोसा करना है।

316 अब, आप विश्वास करे कि आपको मिलेगा जब कि हम प्रार्थना करते है और आप प्रार्थना करते है, और मंडली प्रार्थना करती है, और मैं परमेश्वर का विश्वास करता हूं कि परमेश्वर नीचे उतरेगा और हमारी प्रार्थना को सम्मानित करेगा। और ठीक उसी घड़ी जब आप अनुभव करते है, कि आपको यह मिल गया कि परमेश्वर आपकी प्रार्थना का उत्तर देने जा रहा है, तब आप वाचा बांधते है, "प्रभु, मैंने गलत किया है, मैं अब यह और नहीं करूंगा। मैं अपना हाथ उठाऊंगा, मैं प्रतिज्ञा करता हूं आपसे मैं नहीं करूंगा," परमेश्वर आपके वचन पर आपको लेगा। और आप बस इसी प्रकार से विश्वास करें और यह हो जायेगा। तब अपने हाथों को उठाये और उसे धन्यवाद दे, "प्रभु, मैंने प्रतिज्ञा की है। और मैं जानता हूं कि यह आपकी है, और आपने उत्तर देने का वायदा किया है, और आप असफल नहीं हो सकते।"

317 स्वर्गीय पिता, हम आपके दास, इस झुंड के साथ, जो कि सामने आये हैं आपकी आशिषो की आवश्यकता है, और इस समय आपका ध्यान।

पिता, ये संदेश के पुरस्कार है, सांझ का समय प्रभु इनमें से बहुत से स्वीकार कर रहे है। इनमें से कुछ निराशात्मक आवश्यकता में है, परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूं कि यीशु के नाम में कि एक को भी अस्वीकार नहीं करेंगे, क्योंकि आप अपना वचन बनाये रखेंगे। मैं आपका वचन आपको स्मरण करा रहा हूं प्रभु, जैसा पतरस ने किया और चेलों ने जब उन्होंने प्रेरित चार में प्रार्थना की, उन्होंने कहा, "प्रभु, वचन को स्मरण कर! अन्यजातियों ने क्यों हुल्लड़ काटा और लोगों ने व्यर्थ कल्पनाये की? "

318 अब, पिता हम आपका वचन लाते है। आपने कहा, "वह जो मुझ पर विश्वास करता है, उसके पास अनंत जीवन है। वह जो मेरे पास आता है, मैं उसे कभी ना निकालूंगा। वह जो मेरा वचन सुनता और उस पर विश्वास करता जिसने भेजा उसके पास अनंत जीवन है, और वह न्याय में नहीं आयेगा, परंतु वह मृत्यु से पार हो कर जीवन में आ गया।"

319 ओह, अपने निवेदन परमेश्वर को बताये और वह हमे उत्तर देगा। वह बहुतायात से... "वह जो अपना पाप मान लेगा क्षमा किया जायेगा। वह जो अपना पाप छिपाता है फले फूलेगा नहीं।" हम अपनी गलतियों को मानते है। मैं लोगो कि गलतियो को स्वीकार करता हूं। मैं अपनी गलतियां स्वीकार करता हूं। दया मांगता हूं। मैं चंगाई मांगता हूं। मैं अनुग्रह मांगता हूं। मैं मांगता हूं कि आप पवित्र आत्मा उडेलेंगे, प्रभु, इसी समय इन पर प्रतीक्षा करते हुये लोग, कि उनके जीवन बदल जाये, परमेश्वर ढालने वाले सांचे में और परमेश्वर के पुत्र, कि छवी में ढल जाये, कि वह आत्मा जिसने उसे जिलाया, वह इनकी देहो में आयेगा और इन्हें परमेश्वर का पुत्र और पुत्रियां बना देगा। प्रभु, इसे प्रदान करें।

320 हम विश्वास करते है कि आप उपस्थित है। हम विश्वास करते है कि आप अपने वचन को सम्मान देंगे। हम विश्वास करते है, आप वचन की कोशिशों का सम्मान करेंगे। अब इन आशिषो को इन लोगों पर भेजें, जो आपकी उपस्थिति कि प्रतीक्षा में है कि आप इन से वेदी पर मिले। यीशु के नाम में।

321 अब, यदि आप विश्वास करते है, और विश्वास कि आपने पा लिया, अपने हाथ परमेश्वर कि ओर उठाये। यदि आप ये स्वीकार करते है कि यह विश्वास की प्रार्थना आपकी प्रतीज्ञा जैसा कि आप परमेश्वर की ओर फिरते है, अपने हाथों को उठाये।

322 और आईये मंडली खड़ी हो जाये। हर कोई खड़ा हो जो परमेश्वर के साथ वाचा बांधना चाहता है, अब कहे, "मैं इसका विश्वास करता हूं। मैं इसे स्वीकार करता हूं। मैं इसका विश्वास करता हूं।"

323 अब अपने हाथो को उठाये, और उसे महिमा दे और यह सब पूरा हो गया। परमेश्वर की महिमा हो! धन्यवाद, प्रभु यीशु, आपकी भलाई के लिये और आपकी दया, और उस सब के लिये जो आपने हमारे लिये किया, प्रभु। हम तुझे महिमा देते है, यीशु मसीह में होकर।

सांझ का संदेशवाहक HIN63-0116

(The Evening Messenger)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा बुधवार शाम, 16 जनवरी, 1963 को मेसा में पेंटीकोस्टल चर्च ऑफ गॉड पर, एरिजोना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है, और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2019 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org